विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

लारड़ा बिहार, रेल्वे क्रासिंग के पास,पावर हाउस रोड, कोरबा



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 135 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 15 फरवरी 2025 डाक 16 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
नई दिल्ली के कॉनॉट प्लेस में वैलेंटाइन डे के अवसर पर दो लड़कियां मुफ्त गुब्बारे बेच रही हैं...





**देश-विदेश**
सिंगरौली में कोयला लेकर जा रहा ट्रेलर पलटा दो युवकों की मौत, भड़के ग्रामीणों ने ट्रक-बस फूंके





**फीचर**
बच्चा होने के बाद क्या आपको भी आता है बार-बार रोना चिड़चिड़ेपन और गुस्से के पीछे होती है खास वजह






# नगर निगम और निकाय चुनाव में बीजेपी बंपर जीत की ओर, कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना किया शुरू

**रायपुर, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू हो गई है। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती हुई, इसके बाद 9.30 बजे से ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) के मतों की गिनती जारी है। भाजपा की बढ़त को देखते हुए जिला कार्यालय में जश्न की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सेजबहार से लेकर एकात्म परिसर तक जश्न के रंग दिख रहे हैं। जहां 10 हजार लड्डू, 3 हजार गुलाब जामुन और 1 हजार से अधिक बालूशाही तैयार की गई हैं। चुनाव के सह संचालक विधायक राजेश मूणत, रमेश ठाकुरभाजपा कार्यालय में जश्न प्रारंभ पूर्व मंत्री राजेश मूणत, प्रवक्ता संदीप शर्मा, मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज ,जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित वरिष्ठ नेता परस्पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे। दूसरी ओर, कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है और कार्यालय पर ताला लगा हुआ है। वहां प्रतिक्रिया देने संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला मौजूद रहे। बिलासपुर में आप ने चौंकाया, नगर पालिका में पार्टी की जीत। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के 2 नगर निगम में भाजपा ने कब्जा कर लिया है। अंबिकापुर में मंजूषा भगत ने 5000 वोटों से कांग्रेस के डॉ. अजय तिर्की को हराया है। साथ ही चिरमिरी में कांग्रेस प्रत्याशी विनय जायसवाल रामनरेश राय से 4000 वोटों से हार गए हैं। वहीं 8 निगम में बीजेपी लीड कर रही है। वहीं बिलासपुर के बोदरी नगर पालिका में आप पार्टी से नीलम विजय वर्मा जीती हैं। धमतरी, भानुप्रतापपुर, पखांजूर नपं अध्यक्ष पद पर बीजेपी ने कब्जा कर लिया है।

वहीं सूरजपुर नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। कुनकुरी में कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है। यहां कांग्रेस प्रत्याशी विनय शील ने भाजपा प्रत्याशी सुतबल यादव को हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया है। खरसिया नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर भाजपा को शानदार जीत मिली है। वहीं 18 में से 15 भाजपा पार्षद भी जीत गए है। मंत्री ओपी चौधरी ने बधाई दी। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर बीजेपी प्रत्याशी संतोष मिश्रा की जीत हुई है। जिस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें बधाई दी। धमतरी, भानुप्रतापपुर, पखांजूर नपं अध्यक्ष पद पर बीजेपी ने कब्जा कर लिया है। भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वहीं सूरजपुर नगर पालिका में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है। वहीं पिपरिया और पुसौर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर बीजेपी की जीत हुई। बधाई देते हुए मंत्री ओपी चौधरी और विजय शर्मा ने एक्स में पोस्ट कर लिखा, रायगढ़ के पुसौर नगर पंचायत में भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी मानी मोहित सतपथी जी एवं सभी 10 विजयी पार्षदों को बधाई।

रायगढ़ विधानसभा के पुसौर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर 61 प्रतिशत वोट के साथ भाजपा की भारी जीत। कबीरधाम के पिपरिया नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी घुरूवाराम साहू को नगर पंचायत चुनाव में विजय प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। आपके नेतृत्व में पिपरिया क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। वहीं सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी हूंगा राम मड़काम की जीत हुई है। दंतेवाड़ा जिले में पांचों निकायों पर भाजपा का कब्जा हुआ है। दंतेवाड़ा नगरपालिका में भाजपा की पायल गुप्ता, बचेली नगरपालिका में भाजपा के राजू जायसवाल, किरंदुल नगरपालिका में भाजपा की रूबी शैलेन्द्र सिंह, बारसूर नगर पंचायत में भाजपा की सुभद्रा नेगी और गीदम नगर पंचायत में भाजपा के ही रजनीश सुराना की जीत हुई। जगदलपुर में संजय पांडेय ने कांग्रेस के मलकीत सिंह गैदू को हरा दिया है। छत्तीसगढ़ के 3 नगर निगम में भाजपा ने कब्जा कर लिया है। जगदलपुर में भाजपा के संजय पांडेय ने मरकीत सिंह गैदू को हरा दिया है।

वहीं पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी आकाश तिवारी 1200 वोट से जीत गए हैं। इससे पहले वे एमआईसी के सदस्य भी थे, लेकिन कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। दुर्ग नगर निगम में मेयर और पार्षद के लिए वोटों की गिनती जारी है। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद बीजेपी प्रत्याशी अलका बाघमार 16,500 वोटों से आगे हैं। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल के क्षेत्र पाटन नगर पंचायत में भी बीजेपी को जीत मिली है।

रायपुर नगर निगम चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। बीजेपी प्रत्याशी मीनल चौबे की जीत लगभग तय हो गई है। अब तक 1 लाख 25 हजार से ज्यादा वोट पड़ चुके हैं।

## उत्तराखंड कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं... मुश्किलों में पार्टी विधानसभा चुनावों से पहले संगठन में बदलाव का समर्थन



**चंडीगढ़, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

पंजाब कांग्रेस में बड़ा बदलाव कर दिया है। पंजाब कांग्रेस के प्रभारी देवेंदर यादव की जगह पर छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नया प्रभारी लगाया गया है।दिल्ली में बादली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हारने के बाद से ही यह तय हो गया था कि कांग्रेस पंजाब में नया प्रभारी लगा सकती है। पंजाब से कांग्रेस को खासी उम्मीदें हैं। कांग्रेस के लिए पंजाब ऐसा राज्य हैं जहां पर लोक सभा और नगर निगम चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा था।कांग्रेस ने देश भर में बदलाव करने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस ने उड़ीसा और महाराष्ट्र में प्रधान को बदल दिया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार नहीं बना पाई। हालांकि, वह स्थिति पंजाब में नहीं हैं। पंजाब में लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की अगुवाई में लड़े गए थे। कांग्रेस ने 7 सीटों पर विजय हासिल की। राजा वड़िंग भी लुधियाना से सांसद बने। इसी प्रकार नगर निगम चुनाव में भी कांग्रेस का प्रदर्शन संतोषजनक था। हालांकि, कांग्रेस किसी भी नगर निगम में अपना मेयर नहीं बना सकी। इस लिए इस बात की संभावना कम हैं कि कांग्रेस फिलहाल प्रदेश प्रधान को बदलेगी। वहीं, यह तय था कि प्रदेश प्रभारी का बदला जाना तय था। जिसका मुख्य कारण हैं कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद देवेंद्र यादव का वह कद नहीं रह जाएगा जो पहले थे।

पंजाब में कांग्रेस के नेताओं के बीच शुरू से ही खींचतान रही है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा पंजाब में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं, वर्तमान में विधायक हैं और एक बार लोक सभा और एक बार राज्य सभा के सदस्य भी रहे हैं। इसी प्रकार राजा वड़िंग तीन बार विधायक, एक बार मंत्री और वर्तमान में लोक सभा सदस्य हैं। जबकि दोनों के बीच आगे निकलने की हमेशा ही होड़ लगी रहती है। ऐसे में देवेंदर यादव कद में बाजवा या वड़िंग के काफी नीचे थे। ऐसे में कांग्रेस के नेताओं को एक मंच पर बैठा पाना देवेंदर यादव के लिए संभव नहीं था। इसलिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पंजाब कांग्रेस के नए प्रभारी की कमान सौंपी है।

## ट्रंप को बड़ा झटका, भारत ने ठुकराया ये ऑफर, कहा- हम खुद ही बात करेंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, भारत ने उनका एक ऑफर ठुकरा दिया है। पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप ने भारत और चीन के बीच मध्यस्थता की पेशकश की थी। मगर अब भारत ने इसे ठुकरा दिया है। भारत का कहना है कि वह खुद बातचीत करके द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से मुद्दों को हाल करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से चीन के साथ मुद्दों को हल करने पर भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बाहरी मध्यस्थता की जरूरत को खारिज कर दिया है। विक्रम मिसरी से जब भारत और चीन के बीच अमेरिका के मध्यस्थता प्रस्ताव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमारे किसी भी पड़ोसी के साथ हमारे जो भी मुद्दे हैं, हमने इन मुद्दों को हल करने में हमेशा द्विपक्षीय दृष्टिकोण अपनाया है। भारत और चीन के बीच यह अलग नहीं है। हम द्विपक्षीय माध्यम से हर मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं और ऐसा करना जारी रखेंगे।

## दिनदहाड़े बदमाशों ने पशु व्यापारियों से 15.72 लाख लूटे, कई थानों की पुलिस धरपकड़ में जुटी



**बुलंदशहर।** पहासू में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने कार सवार चार पशु व्यापारियों से हथियारों के बल पर लाखों रुपए लूट लिए। जिसके बाद बदमाश फरार हो गए। सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है।कस्बा के मुहल्ला काजीखेल निवासी नसरूद्दीन और नदीम ने बताया कि वह पशु व्यापारी है। वह शनिवार सुबह अपने अन्य दो साथी फईम और कफील के साथ ऑल्टो कार में सवार होकर गंगापार जिनामई गांव में लगने वाली पशु पैंठ में पशु खरीदने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह क्षेत्र के नगला सारंगपुर और भैयापुर गांव के बीच पहुंचे, तो पीछे से आए दो बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने ओवरटेक करते हुए पिस्टल व तमंचे के बल पर कार को रूकवा लिया। जिसके बाद बदमाशों ने उनके पास से 15 लाख 72 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ितों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।दिनदहाड़े हुई घटना की जानकारी होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी देहात रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी रामफल सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।एसपी देहात ने बताया कि पीड़ितों से जानकारी जुटाई गई है। पुलिस की कई टीम बदमाशों की धरपकड़ के लिए लगी हुई हैं। जल्द ही मामले का राजफाश किया जाएगा।

## रजनी पाटिल पर कांग्रेस ने फिर जताया भरोसा, हिमाचल में सौंपी प्रभारी की जिम्मेदारी, राजीव शुक्ला हटाए गए



**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजीव शुक्ल को हटाकर रजनी पाटिल को हिमाचल का प्रभारी नियुक्त कर दिया है। कल देर रात इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। नई दिल्ली में बीते वीरवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर हुई बैठक के एक दिन बाद ही ये बदलाव किया गया है। कांग्रेस आलाकमान ने पाटिल को दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है। इस से पहले वह मई 2018 से 11 सितंबर 2020 तक हिमाचल की प्रभारी थी। तब कुलदीप राठौर थे। पाटिल का जन्म पांच दिसंबर 1958 को हुआ है। वह महाराष्ट्र से संबंध रखती हैं।राजीव शुक्ला को कांग्रेस पार्टी आला कमान ने वर्ष 2020 में हिमाचल कांग्रेस की बतौर प्रभारी नियुक्ति किया था। 2 साल बाद यानी वर्ष 2022 में हुए विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की सत्ता में वापसी की थी। हालांकि, इसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रदेश की चारों सीटों पर चुनाव हार गई थी।इसी बीच कांग्रेस पार्टी में आपसी गुटबाजी भी खुलकर सामने आई थी। रजनी पाटिल हिमाचल कांग्रेस की पहले भी प्रभारी रह चुकी है। वह प्रदेश कांग्रेस पार्टी व यहां के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं को जानती है। मौजूदा समय में हिमाचल कांग्रेस पार्टी की सभी कमेटियां चाहे वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी हो या जिला वह ब्लॉक कमेटी या सभी भंग है नई प्रभारी के समक्ष नए सिरे से कमेटियों का गठन करना सबसे पहली चुनौती होगी।

## केजरीवाल पर अब नई मुसीबत, दिल्ली में करारी हार के बाद अब बंगले पर एक्शन की तैयारी में सीवीसी



**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक सीएम आवास पर सीपीडब्ल्यूडी द्वारा एक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 13 फरवरी को 6 फ्लैगस्टाफ बंगले (पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल का निवास) के नवीनीकरण की जांच का आदेश दिया। सीवीसी ने सीपीडब्ल्यूडी से इन आरोपों की विस्तृत जांच करने को कहा है कि 40,000 वर्ग गज (8 एकड़) में फैली एक भव्य हवेली के निर्माण के लिए भवन निर्माण मानदंड जारी किए गए थे।

## लोकतंत्र के मुद्दे पर जयंशकर का बेबाक जवाब कहा- गजब पाखंड है, पश्चिमी देशों की बजा दी बैंड



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने बेबाक अंदाज और अपने व्यंग्यात्मक तरीके के लिए जाने जाते हैं। कई मौकों पर उन्होंने विदेशी धरती पर कुछ ऐसे जवाब दिए हैं, जिससे सामने वाले की बोलती तक बंद हो गई है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। दरअसल, जयशंकर म्यूनिख में सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस की एक बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भारत और दुनिया में लोकतंत्र की अहमियत पर बात की। उन्होंने कहा कि, लोकतंत्र ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है।इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, नॉर्वे की प्रधानमंत्री और अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन और वारसा के मेयर रफाल ट्रासकोव्सक पैनलिस्ट के तौर पर शामिल हुए थे। इस बैठक के दौरान कुछ पैनलिस्ट ने कहा कि दुनिया में लोकतंत्र का भविष्य खतरे में है। इस जवाब को सुनकर एस जयशंकर ने इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि मैं लोकतंत्र को लेकर काफी ज्यादा आशावान हूं।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा

MENS LADIES KIDS ETHENIC
New Wedding Collection
Sherwani I Blazer
Coatsuit I IndoWestern
Up to 50% Discount
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# ग्राम सरकार चुनने 17 फरवरी को मतदान

**कोरबा ।** शहर की सरकार चुनने के बाद अब ग्राम में चुनाव निपटाने की तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में मतदान संपन्न होने जा रहा है। पहले चरण में 17 फरवरी को विकासखंड कोरबा और करतला में वोट डाले जाएंगे। इसकी तैयारी निर्वाचन कार्यालय की ओर से शुरू की गई है।

नगरीय निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी में लग गया है। इस बार पंचायतों में चुनाव बैलेट पेपर के जरिए हो रहा है। इसमें लगने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शुरू हो गया है। एनसीडीसी स्कूल परिसर में चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और उन्हें निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने कहा गया है ताकि समय पर प्रशिक्षण शुरू किया जा सके। प्रशासन की ओर से बैलेट पेपर की छपाई का कार्य भी कराया जा रहा है। साथ ही मतपेटियों के अलावा अमिट स्याही, स्टेशनरी जैसी अन्य जरूरी सुविधाएं भी जुटाई जा रही है ताकि मतदान से पूर्व दलों को इसे सौंपकर बूथों पर रवाना किया जा सके। इधर नगरीय निकाय चुनाव में डाले गए वोटों की गिनती के दिन शहर में शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। इस संबंध में प्रशासन ने आदेश जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए उम्मीदवारों का प्रचार-प्रसार जारी है।

पंच, सरपंच और जनपद सदस्य के अलावा जिला पंचायत सदस्य के लिए हो रहे इस चुनाव को लेकर ग्रामीणों के बीच उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण आपस में चर्चा कर किसे अपना अगला जनप्रतिनिधि चुनना है इस पर विचार कर रहे हैं। इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में विकासखंड कोरबा और करतला में 17 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए कोरबा विकासखंड अंतर्गत 224 और विकासखंड करतला अंतर्गत 263 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 2 लाख 28 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मतदाता सूची के अनुसार इस बार कोरबा विकासखंड में 54 हजार 353 पुरुष और 57 हजार 318 महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस विकासखंड में कुल 1 लाख 11 हजार 671 लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। वहीं विकासखंड करतला की मतदाता सूची में 1 लाख 16 हजार 329 ग्रामीणों के नाम शामिल किए गए हैं इसमें 59 हजार 214 महिलाएं और 57 हजार 115 पुरुष हैं। दोनों ही विकासखंड में स्थित मतदान केंद्रों पर 17 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे और गिनती भी इसी दिन की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस बार पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण अगले पांच साल के लिए नया जनप्रतिनिधि तय करेंगे। उनकी ओर से गांव के वार्डों में पंच, ग्राम पंचायत के लिए सरपंच, विकासखंड के लिए जनपद सदस्य और जिला पंचायत के लिए सदस्य का चयन किया जाएगा। कोरबा और करतला विकासखंड में जिला पंचायत की 12 सीटों के लिए मतदान हो रहा है। इस बार सबसे दिलचस्प मुकाबला जिला पंचायत, जनपद सदस्य और सरपंच पद के बीच देखा जा रहा है। इस चुनाव में कई लोगों की किस्मत दांव पर लगी है। अगर जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होते हैं तो उनके लिए क्षेत्र से राजनीति के नए अवसर मिलेंगे। चुनाव के दिन संबंधित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हो सके इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही है। सुरक्षा के तौर पर 15 से 17 फरवरी के बीच शराब बिक्री पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि विकासखंड कोरबा और करतला अंतर्गत स्थित रूमगरा, रजगामार और उमरेली की शराब दुकानों को बंद रखा गया है।

## आईपीएस 2025 में सतत विद्युत उत्पादन के प्रति एनटीपीसी ने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित

**कोरबा ।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 13 से 15 फरवरी 2025 तक रायपुर में अपना प्रमुख कार्यक्रम, भारतीय विद्युत स्टेशन संचालन एवं रखरखाव सम्मेलन (आईपीएस 2025) शुरू किया। तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली की पहली इकाई के समन्वयन के उपलक्ष्य में विश्वसनीय और सतत उत्पादन, परिसंपत्ति प्रबंधन और ऊर्जा परिवर्तन विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए किया गया था।

उद्घाटन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए, सचिव (विद्युत) पंकज अग्रवाल ने कहा, एनटीपीसी ने देश भर के ताप विद्युत स्टेशनों के संचालकों के लिए एक मानक स्थापित किया है। इतिहास में पहली बार 50 मिलियन टन कोयला भंडार बनाए रखा गया है, जिसमें एनटीपीसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, बढ़ती चुनौतियों के लिए हमें रखरखाव प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल की कठोर समीक्षा करने और परिचालन डेटा का गहराई से विश्लेषण करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी उपयोगिताओं को पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देने और अपने पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के प्रदर्शन की बारीकी से निगरानी करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष, घनश्याम प्रसाद ने एनटीपीसी को इसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। उन्होंने कहा, एनटीपीसी के पास ऊर्जा संक्रमण के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है, जिसमें सीसीयूएस जैसी पहलों के माध्यम से थर्मल पावर को स्वच्छ बनाने के प्रयास शामिल हैं। उन्होंने विक्रेता विकास को बढ़ावा देने पर एनटीपीसी के फोकस की सराहना की, जो आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं को दूर करने में मदद करेगा।

कार्यक्रम के दौरान, एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने कहा, जैसा कि हम भारतीय पावर स्टेशन 2025 के लिए एक साथ आते हैं, हमारा ध्यान सभी पावर स्टेशनों में अनुसंधान और रखरखाव के लिए समयबद्ध कार्यक्रमों को लागू करने पर होना चाहिए। अभिनव हस्तक्षेपों के माध्यम से हमारे मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से हमारी दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। बदलते पावर ग्रिड और बिजली क्षेत्र की गतिशील प्रकृति के साथ, यह जरूरी है कि हम अपने दृष्टिकोण में अनुकूलन करें और प्रयोगात्मक हों। एनटीपीसी संचालन के निदेशक रवींद्र कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और विशिष्ट जनों के प्रति एनटीपीसी परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक वित्त जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव, निदेशक परियोजनाएं के.एस. सुंदरम, निदेशक मानव संसाधन ए.के. डाली, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती रश्मिता झा और विद्युत मंत्रालय, सीईए, सीईआरसी, एनटीपीसी, जेनकोस और अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर परियोजनाओं और स्टेशनों को एनटीपीसी स्वर्णशक्ति पुरस्कार (2023-24) और एनटीपीसी व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कार (2024-25) भी प्रदान किए गए। स्वर्णशक्ति और व्यवसाय उत्कृष्टता पुरस्कारों में एनटीपीसी विंध्याचल ने समग्र चैंपियन पुरस्कार जीता। आईपीएस 2025 का एक अन्य प्रमुख आकर्षण टेक्नोगैलेक्सी प्रदर्शनी है जिसमें कई विक्रेताओं और निर्माताओं की अत्याधुनिक तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटलीकरण और अभिनव समाधानों का प्रदर्शन किया गया।

## शब-ए-बारात की रात मांगी गई गुनाहों की माफी

### कब्रिस्तानों में अपने मरहूमों के लिए मांगी गई दुआ

**कोरबा ।** शब-ए-बारात पर कोरबा की कब्रिस्तानों की सुबह से ही साफ-सफाई शुरू हो गई थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने नाते-रिश्तेदारों की कब्रों की सफाई करने के बाद उनकी रंगाई पुताई की। साथ ही यहां फूल, केवड़ा और इत्र डालकर महकाया। इसके बाद देर रात तक फातिहा पढ़ी जाती रही। वहीं, मजारों पर भी दुआ व सलाम पढ़ा गया।मुस्लिम धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक शब-ए-बारात की अहमियत भी बहुत है।

कब्रिस्तानों पर सुबह से लोगों का आना शुरू हो गया था। दिन भर लोग यहां अपने उन करीबियों की कब्रों की साफ-सफाई करते रहे, जो इस दुनिया से जा चुके हैं। साथ ही यहां चूना पोतकर कब्रिस्तानों की काया बदली गई। वहीं, कब्रिस्तान की कमेटियों ने यहां रोशनी के लिए बड़ी-बड़ी लाइटों की व्यवस्था की थी। अपनों की कब्र पर फातिहा पढने आने वालों के लिए यहां गुलाब के फूलों के बाजार लग गए थे। हर एक कब्र पर फूल और इत्र का छिडक़ाव किया गया। मस्जिद और घरों में मुस्लिमों ने तकरीर का आयोजन किया। शब-ए-बारात पर अल्लाह की इबादत और उसके जिक्र का सिलसिला देर रात तक चला। इसके अलावा घरों में महिलाएं नमाज अदा कर दुआ-ए-मगफिरत (गुनाहों से निजात) की गई। शब-ए-बारात पर अल्लाह के बंदों ने सालभर में हुए गुनाहों की माफी के लिए सच्चे दिल से तौबा कर अपनी व बुजुर्गों की मगफिरत के लिए दुआ मांगी। रब को राजी करने के लिए रातभर इबादत में लगे रहे। साथ ही कब्रिस्तान पर जाकर दुनिया से रुखसत हो चुके पुरखों के लिए दुआ मांगी। इबादतगाहों और मस्जिदों में पूरी रात कुरान की तिलावत और नफिल नमाज का दौर चला। लोगों ने शहरभर के कब्रिस्तानों में जाकर रोशनी की और कुरान की तिलावत की।

## प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

कोरबा । कोरबा नगर के निहारिका क्षेत्र में चौपाटी को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन कर रहे अवैध रूप से संचालित ठेले-खोमचे वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए तीन ठेलों पर जेसीबी चला दी, जिससे वहा हंगामा मच गया।

कोरबा जिला नगर निगम ने ओपन थिएटर ग्राउंड के पास गढ़केलवा इलाके में एक व्यवस्थित चौपाटी तैयार की थी, जहां ठेले-खोमचे वालों को बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई थीं। इसके बावजूद कई व्यापारियों ने वहां जाने से इंकार कर दिया और खुले मैदान में ही ठेले लगाने लगे। इस पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए कि यदि चौपाटी का संचालन करना है तो निर्धारित स्थान पर ही किया जाए, अन्यथा अवैध रूप से संचालित ठेले हटा दिए जाएंगे। उक्त आदेश का पालन करते हुए नगर के अधिकांश ठेले व्यवस्थित चौपाटी में चले गए, लेकिन कुछ ठेलेवाले पुराने स्थान पर ही डटे रहे।

जानकारी के अनुसार जब इन नियमों का पालन नहीं हुआ, तो नगर निगम ने जेसीबी बुलाकर अवैध रूप से संचालित इन ठेलों और गुमटियों को हटा दिया। इस कार्यवाही से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप था कि नई जगह ग्राहक नहीं आ रहे, जिससे उनके व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। उन्होंने निगम की कार्यवाही को तानाशाही करार देते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी। नगर निगम का कहना है कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। अधिकारियों ने साफ कर दिया कि ओपन थिएटर ग्राउंड में अब कोई भी ठेला नहीं लगाने दिया जाएगा और यदि किसी ने दोबारा वहां ठेला लगाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बताया जा रहा हैं की इस विवाद के चलते व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनाव बना हुआ है। जहां व्यापारी अपने हक की लड़ाई लड़ने की बात कर रहे हैं, वहीं प्रशासन शहर को व्यवस्थित रखने के अपने फैसले पर अडिग है। अब यह देखना हैं कि इस विवाद का कोई समाधान निकलता है या टकराव और बढ़ता है।

## विद्युत कंपनी मुख्यालय का स्थानांतरण करने पर फेडरेशन ने जताई आपत्ति

### महामंत्री श्री चेट्टी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ-फेडरेशन 01 ने विद्युत कंपनी मुख्यालय को नया रायपुर स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति जताई है। फेडरेशन ने इससे जनता पर 500 करोड़ का बोझ पडने का हवाला दिया है। इस संबंध में फेडरेशन महासचिव आर.सी. चेट्टी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए स्थानांतरण गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने मांग की है।

पत्र में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के डंगनिया स्थित मुख्यालय को नया रायपुर स्थानांतरित किए जाने स्थापित परंपराओं व प्रक्रियाओं को दरकिनार कर की जा रही कार्यवाही राज्य, कंपनी, आम उपभोक्ताओं और कर्मियों के हित में नहीं है। नया रायपुर में मुख्यालय भवन के लिए जारी निविदा में लागत लगभग 200 करोड़ बताया जा रहा है, लेकिन वास्तविक खर्च 500 करोड़ से ज्यादा होगा। इस अनावश्यक निर्णय का भार प्रदेश की आम जनता पर पड़ेगा। इस संबंध में संगठन की ओर से कहा गया है कि वर्तमान परिसर में पर्याप्त उपलब्धता है। भविष्य में बहुमंजिला भवन का निर्माण संभव है। अनावश्यक वित्तीय बोझ वर्तमान में उत्पादन व पारेषण कंपनी के लाभ को समायोजित करने के बाद विद्युत वितरण कंपनी 4500 करोड़ से अधिक के घाटे में है। जिसकी प्रतिपूर्ति टैरिफ वृद्धि से प्रस्तावित है। ऐसी स्थिति में नये भवन पर खर्च करना उचित प्रतीत नहीं होता है। श्री चेट्टी ने आगे कहा है कि मुख्यालय स्थानांतरण से असुविधा वर्तमान मुख्यालय परिसर तक पहुंचना कर्मियों, सेवा प्रदाताओं, उपभोक्ताओं, सेवानिवृत्त कर्मियों सहित सभी के लिए सुविधाजनक है। नया रायपुर में मुख्यालय स्थानांतरित किए जाने के बाद उनके आने जाने के लिए अलग व्यवस्था करनी होगी जिसमें समय और साधन दोनों व्यर्थ होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्थानांतरण विद्युत अधिनियम के विपरीत विद्युत अधिनियम 2003 मूलत- विद्युत क्षेत्र को शासन से परे व स्वतंत्र नियामक के अंतर्गत लाने के उद्देश्य से लाया गया था। चूंकि नियामक आयोग रायपुर में ही स्थित है, इस दृष्टिकोण से कंपनी मुख्यालय को वर्तमान परिसर में ही रखा ।

### जिले में 24 फरवरी से 31 मई तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जारी हाई स्कूल/ हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा कार्यक्रम एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 01 मार्च से 28 मार्च 2025 तक एवं अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा जारी वार्षिक परीक्षा 2025 के विश्वविद्यालय परीक्षा आयोजित होने के दौरान जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रां का उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं तैयारी में व्यवधान को रोकने हेतु विद्यार्थियों के हित में छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत् 2025 से 31 मई 2025 तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

## भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

### 67 पार्षद प्रत्याशी रहे उपस्थित

कोरबा । कोरबा जिला नगर निगम के संपन्न हुए चुनाव पश्चात मतगणना प्रक्रिया को लेकर भाजपा द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आशीर्वाद पॉइंट में संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षण आरिफ खान द्वारा दिया गया। इस महत्वपूर्ण सत्र में नगर निगम के सभी 67 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों एवं उनके गणना अभिकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत, अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, मनीष मिश्रा, दिलेश्वर यादव, योगेश मिश्रा और ईश्वर साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतगणना प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूरे चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा की गई कड़ी मेहनत और प्रत्याशियों के अटूट परिश्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता ने पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ चुनावी प्रक्रिया में योगदान दिया है, जिससे लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हुई हैं।

इस अवसर पर भाजपा महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत ने सभी 67 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि माँ सर्वमंगला देवी का आशीर्वाद सभी प्रत्याशियों पर बना रहे। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर कोरबा नगर निगम के माध्यम से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा देंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मनोज मिश्रा ने किया, जबकि मंच संचालन संदीप सहगल ने किया।

## जिले में आयोजित होने वाले बोर्ड परीक्षाओं की सफल आयोजन हेतु की जा रही आवश्यक तैयारी

### परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग पर नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल गठित

**कोरबा ।** कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 01 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित होने वाले हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2025 की कुशलता पूर्वक संचालन एवं परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग पर नियंत्रण हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर ने परीक्षा दिवस को केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण हेतु जिला स्तर पर निरीक्षण दल का गठन कर विभिन्न अधिकारी कर्मचारी का ड्यूटी निर्धारित की है। परीक्षा का समय प्रात: 9 बजे से 12.15 बजे तक निर्धारित है। इन परीक्षाओं में नियमित/स्वाध्यायी/पत्राचार के माध्यम से सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं की परीक्षा पृथक-पृथक दिनांक को आयोजित होगी।

निर्धारित जिला स्तरीय निरीक्षण दल के अंतर्गत दल क्रमांक 01 में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीकांत कसेर (दल प्रभारी) मोबाइल नंबर 7869096888, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अजगरबहार मानसिंह राठिया मोबाईल नंबर 9425545256, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करतला मनीष श्रीवास मो. 9098187982, व्याख्याता सेजेस गोपालपुर रितु श्रीवास्तव मो. 8871031009 की नियुक्ति कर पूरे सम्पूर्ण जिले का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार दल क्रमांक 02 में बी.पी. चतुर्वेदानी, सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मो. 9926818161, रामचरण साहू, व्याख्याता सेजेस. पोड़ी-उपरोड़ा मो. 8319006898, कन्हैया लाल टेकाम, व्या. शा.उ.मा.वि. माचाडोली मो. 70006972414, श्रीमती विनीता सोनी व्या. शा.उ.मा.शा. नुनेरा मो. 7709593939, दल क्रमांक 03 में पतराम सिंह पैकरा उप संचालक उद्यान कोरबा मो. 9827811531, प्रकाश राठौर व्या. शा.उ.मा.शा. नवापारा मो. 9340086556, घनश्याम भास्कर व्या. शा.उ.मा.शा उतरदा मो. 9753646952, श्रीमती उपासना पाठक व्या. शा.उ.मा.शा. नवापारा मो. 7987119584, दल क्र.04 में बलभद्र भंडारी सहायक संचालक रेशम विभाग कोरबा (दल प्रभारी) मो. 8770575422, संजीव खाखा व्या. शा.उ.मा.शा. नोनबिर्रा मो. 7987997224, योगेश सोनार व्या. सेजेस गुरसिंया मो. 8839488324, श्रीमती रीता चौधरी व्या. शा.उ.मा.शा. कोथारी मो. 9340385529, दल क्र.05 में घनश्याम सिंह कंवर, खाद्य अधिकारी (दल प्रभारी) मो. 9425201983, नीलम कुमार रात्रे व्या. शा.उ.मा.शा. रजगामार मो. 7974146950, संतोष यादव व्या. शा.उ.मा.शा. गिधौरी मो. 9098478525, श्रीमती मंजूषा तंवर व्या. सेजेस पोड़ी उपरोड़ा मो. 7987569116 की सम्पूर्ण कोरबा जिले में निरीक्षण हेतु दल के रुप में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही राजेश आदिले, सहायक श्रम अधिकारी कोरबा (दल प्रभारी) मो. 8602929529, जी.आर. जांगड़े, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरबा (दल प्रभारी) मो. 9425542088, प्रविन्द्र शेखर पांडे क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा (दल प्रभारी) मो. 9685095294, श्रीमती रौशनी पटेल व्या. शा.उ.मा.वि. लेमरू मो. 8770204110, श्रीमती नेहा चंद्रा व्या. शा.उ.मा.शा. रजगामार मो. 9009512023, श्रीमती तुलिका देवांगन व्या. शा.उ.मा.शा. पाली मो. 9179860016, श्रीमती बसंती ठाकुर व्या. सेजेस तिलकेजा मो. 7974135942, श्रीमती टी. प्रभा, व्या. शा. हाईस्कूल लखनपुर मो. 9977689725, श्रीमती के. डालियाकार व्या. शा.उ.मा.शा. कोरकोमा मो. 9406389801, भगत राम रतनायका, व्या. सेजेस करतला मो. 9424263743 का सम्पूर्ण कोरबा जिले हेतु रिजर्व दल प्रभारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

## पीठासिंह अधिकारी को जारी किया गया नोटिस

कोरबा। नगरीय निकाय चुनाव से पहले बिना बताए महिला पीठासीन अधिकारी लापता हो गई। इस मामले में जिला प्रशासन ने महिला पीठासीन अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। इसके पहले उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।प्रशासन की ओर से बताया गया है कि घुड़देवा के अशासकीय माध्यमिक विद्यालय में कक्ष क्रमांक 17 के लिए नासिन बाई भाराद्वाज को पीठासीन अधिकारी बनाया गया था। 10 फरवरी की शाम 7 बजे नासिन बाई बिना सूचना दिए मतदान केंद्र से लापता हो गई। इसे प्रशासन ने गंभीर अनुशासनहीनता माना है और उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नासिन बाई शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुड़देवा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत है। महिला की चुनाव ड्यूटी लगाई गई थी और वह मतदान केंद्र पर भी पहुंची थी, लेकिन 11 फरवरी के मतदान के लिए उसे पीठासीन अधिकारी बनाया गया था।

## शुष्क दिवस पर नही खुली शराब दुकानें ,शराब प्रेमी भटकतें रहे

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की मतगणना तिथि 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार को संबंधित मतगणना क्षेत्रों में स्थित सभी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट-बार, होटल, बार, क्लब आदि को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। जिले में नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद दीपका, कटघोरा, बांकी मोंगरा, नगर पंचायत पाली व छुरीकला में हुए मतदान की गणना हेतु आईटी कॉलेज झगरहा , पंडित मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा एवं मंगल भवन पाली को मतगणना स्थल चयनित किया है। कलेक्टर श्री वसंत ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 15 फरवरी मतगणना दिवस को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मतगणना क्षेत्र स्थित देशी विदेशी मदिरा दुकानों , रेस्टोरेंट बार होटल बार, क्लब आदि जैसे- एफ.एल.-1(घघ),एफ.एल.-1(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2(घघ), सी.एस.-2(घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल. 1(ख-अहाता), एफ.एल.1(ख-कम्पोजिट अहाता), एफ.एल.2, 3, 3(क, ख, ग), 4, 4(क), 5, 5(क), 6 , 7, 8, 9, 9(क) एवं एफ.एल. 10 को मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसमें नगर निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद दीपका , बांकीमोंगरा की मतगणना हेतु कोरबा नगर निगम क्षेत्र में स्थित मतगणना स्थल आईटी कॉलेज क्षेत्र के देशी/विदेशी/कम्पोजिट/प्रीमियम/एफएल-3,3 ए को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया है। देशी मदिरा दुकान अंतर्गत तुलसीनगर वार्ड, आईटीआई रामपुर, कोरबा, दादर, लालघाट, रूमगरा, मुड़ापार, सर्वमंगला, लाटा, गोपालपुर, गेवरा, भैरोताल शामिल हैं। इसी प्रकार विदेशी दुकान अंतर्गत टीपी नगर, निहारिका, कोरबा, प्रीमियम निहारिका, लालघाट, मुड़ापार, लाटा, गोपालपुर, गेवरा, , सर्वमंगला, तथा होटल बार अंतर्गत रिशु बार कोसाबाड़ी, सेंटरपॉइंट टीपी नगर, सत्कार बार कोरबा, ऋतुराज जमनीपाली, वन नाइट क्लब टीपी नगर सम्मिलित हैं। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कटघोरा व नगर पंचायत छुरीकला हेतु मतगणना स्थल पंडित मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा अंतर्गत देशी विदेशी मदिरा दुकान कटघोरा एवं नगर पंचायत पाली हेतु मतगणना स्थल मंगल भवन पाली के अंतर्गत देशी विदेशी मदिरा दुकान व अहाता पाली को शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

# गगन जयपुरिया को मिल रहा व्यापक जन समर्थन



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के विकासखंड बम्हनीडीह अंतर्गत पोड़ीशंकर क्षेत्र से भाजपा ने इस बार गगन जयपुरिया को फिर से अपना प्रत्याशी बनाया है जो जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 से अपना भाग्य आजमा रहे हैं जो प्रत्याशी घोषित होने के बाद से अपने क्षेत्र में पूरी तरह से मतदाताओं से संपर्क बनाए हुए हैं । सुबह 10 बजे से लेकर देर रात्रि तक गगन जयपुरिया अपने उगता हुआ सूरज छाप में वोट मांग रहे हैं तथा जनता से उन्हें अपेक्षा से अधिक समर्थन भी प्राप्त हो रहा है। यहां यह बताना आवश्यक है कि गगन जयपुरिया इससे पहले भी जिला पंचायत के सदस्य रहे हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में अनेक कार्य कर जनता को सुविधा देकर समस्याओं से निजात दिलाने का काम किया है जिस कारण से उनकी लोकप्रियता जनता के बीच अच्छी बन गई है। वह पोड़ीशंकर क्षेत्र 16 से चुनाव लड़ रहे हैं जहां 26 ग्राम पंचायत इस क्षेत्र में शामिल है यहां की जनता गगन जयपुरिया की जगह-जगह जहां आरती उतार कर उनसे भेंट कर रही है वहीं उनका फूल मालाओं एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत भी किया जा रहा है जिसे देखकर कह सकते हैं कि गगन जयपुरिया का पक्ष लगातार मजबूत होने लगा है।

वैसे भी बम्हनीडीह क्षेत्र में गगन जयपुरिया का नाम कोई परिचय का मोहताज नहीं है जिनका व्यावसायिक कारोबार के अलावा राजनीतिक में सेवा भाव के कार्यों से जनता काफी खुश नजर आ रही है। विशेष कर युवा वर्ग एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं इस प्रत्याशी को बहुत पसंद करने लगे हैं जिनके चुनाव प्रचार में आने से उनके साथ गांव-गांव गली गली निकलकर प्रचार कर माहौल तैयार कर रहे हैं। ऐसे में गगन जयपुरिया का पक्ष निरंतर मजबूत होने लगा है जिन्हें भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा है।

इस क्षेत्र से पोड़ीशंकर, कनकपुर, रीवाडीह,परसापाली,भदरा,औराडीह,म ैहाडीह (च), सोनियापाठ,लखुर्री,लखाली ,सरवानी, परसापाली (च), झर्रा,मोहगांव, भंवरेली, पचोरी, रोहदा, खपरीडीह अमोदी, पूछेली, भंवरमाल, पिपरदा,सोंठी,अफरीद ,मुडपार,हथनेवरा गांव शामिल है जहां गगन जयपुरिया का माहौल सबसे अधिक दिखाई दे रहा है। इन गांव मे गगन जयपुर द्वारा पूर्व में किए गए कार्य की उपलब्धि का भी असर देखने को मिल रहा है जहां विकास की आस लिए हुए क्षेत्र की जनता गगन जयपुरिया से जुड़ने लगी है प्रदेश में भाजपा की सरकार होने का लाभ भी उन्हें मिलता दिखाई दे रहा है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने गगन जयपुरिया को जिला पंचायत के चुनाव में अपना प्रत्याशी घोषित कर रखी है।



## नगरी निकाय चुनाव में जांजगीर से भाजपा ने मारी बाजी

**जांजगीर-चांपा।** स्थानीय नगरी निकाय चुनाव में जिला मुख्यालय जांजगीर नैला में जहां भाजपा प्रत्याशी रेखा देवा गढ़वाल ने विजय हासिल की है तो वही 15 पार्षद भाजपा से जीतने में सफल हुए हैं तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी अपना जीत का परचम लहराया है। जांजगीर नैला के वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा प्रत्याशी सुनील कश्यप, वार्ड 2 से जागेश्वरी सूर्यवंशी कांग्रेस से विजय रही विजय रही हैं वार्ड क्रमांक 15 से कांग्रेस प्रत्याशी विजय हुई है तथा वार्ड क्रमांक 14 से प्रिंस शर्मा कांग्रेस से जीतने में सफलता हासिल किया है । इसी तरह वार्ड क्रमांक 17 से भाजपा प्रत्याशी मनीषा गोपाल ने सफलता हासिल कर जीत दर्ज की है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोतीलाल डहरिया ने भी इस चुनाव में जीत हासिल किया है वहीं पूर्व पार्षद हितेश यादव की पत्नी ने भाजपा से जीत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया है।

वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा उम्मीदवार मोहन यादव ने जीत हासिल करते हुए फिर से पार्षद पद हासिल किया है वहीं वार्ड नंबर 4 से अरमान खान विजय हुए हैं इस तरह जांजगीर नैला में भाजपा ने जीत हासिल की है।

## सक्ती में फूल व्यापारी के घर लगी भीषण आग

### 10 लाख का सामान जलकर राख, शॉर्ट सर्किट बताई जा रही वजह



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती में मकान के ऊपरी माले में सुबह 10:00 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग की लपटें बहुत दूर-दूर तक दिखाई दे रही थी। सूचना मिलने पर बिजली विभाग ने तुरंत बिजली कनेक्शन बंद किया। पुलिस थाना में सूचना मिलने पर थाना प्रभारी और स्टाफ अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। आग लगने के कारण बगल घर में किराने का थोक और चिल्लर व्यापार करने वालों की 2 बड़ी-बड़ी दुकान हैं। यदि आग उधर फैल जाता तो भारी नुकसान होने का अंदेशा था। लेकिन मोहल्ले वासियों की सजगता से ऊपर चढ़कर आग बुझाने में भारी मदद की गई।

ऊपर रखे फ्लावर डेकोरेशन वाले के प्लास्टिक के समान, सजावट के समान और फूल ज्वलनशील होने के कारण अग्नि ने भयंकर रूप धारण कर लिया था।पीड़ित विमल फूल वाले का कहना है कि उनका 18 से 20 लाख का नुकसान हुआ है। अभी उन्होंने शादी सीजन के चलते 9-10 लाख रुपए का नया सजावट का सामान मंगाया था। रखे हुए स्टाक को मिलाकर सब सामान जलकर राख हो गया है।

# 78 पंचायत में सरपंच बनने 393 प्रत्याशी मैदान में, मंद्रागोढी व नवरंगपुर में ज्यादा



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत के अधीनस्थ गांवों में इन दिनों जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच व पंच पद कें लिए सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन विभाग से जुड़े अधिकारियों का चुनाव से संबंधित सभी कार्य अंतिम दौर में चल रहा है।

इस संबंध में जनपद पंचायत मालखरौदा के अनुसार 81 पंचायत में से 78 में इस चुनाव समर में सरपंच का चुनाव किया जाना है वही एक ओर ग्राम पंचायत लिमगांव के लोगों द्वारा एकता अखंडता का मिसाल कायम कर सरपंच व सभी पंचों को निर्विरोध चुना गया है। ग्राम पंचायत बरभाठा में सरपंच का पद निर्विरोध हुआ है और ग्राम पंचायत बीरभाठा में सरपंच पद के लिए किसी ने नामांकन नहीं भरे जाने से वहां सरपंच पद रिक्त हो गया है। इस प्रकार 78 ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए 393 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें मंद्रागोढी व नवरंगपुर में सबसे ज्यादा 10-10 प्रत्याशी मैदान में है और सबसे कम प्रत्याशी ग्राम पंचायत छोटेसीपत, कटारी, चारपारा,चांटीपाली, दर्राभांठा सहित ऐसे 7-8 ग्राम पंचायतों में मात्र दो प्रत्याशी वर्तमान में सरपंच पद के लिए उम्मीदवारी कर रहे हैं।

इस प्रकार 81 ग्राम पंचायत में 1155 पंच मे से 553 पंच चुनाव के पहले ही निर्विरोध पंच चुन लिए गए हैं और अभी वर्तमान में 602 पंच पद के लिए 1363 प्रत्याशी ग्राम पंचायत में चुनाव लड़ रहे हैं।

मालखरौदा के कुल 24 जनपद पंचायत सदस्य के लिए 107 प्रत्याशी चुनावी समर में अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिसमें मालखरौदा जनपद सदस्य क्षेत्र में सबसे अधिक 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और सबसे कम दो प्रत्याशी फगुरम जनपद सदस्य के लिए अभी चुनाव लड़ रहे हैं। इस प्रकार जनपद सदस्य सरपंच व पंच बनने के लिए 1863 लोगों द्वारा चुनाव लड़ा जा रहा है। मतदान 20 फरवरी को किया जाएगा

## नगर पालिका चंपा से प्रदीप निर्णय आया जीत का परचम

**जांजगीर चांपा ।** नगर पालिका के चुनाव में चांपा से भी कांग्रेस पार्टी को पराजय का मुंह देखना पड़ा यहां पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप



नामदेव ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल को पराजित करते हुए जीत का परचम लहराया है प्रदीप नामदेव 6097 मतों से जीत हासिल कर भाजपा के पक्ष में जीत दर्ज करने में सफलता हासिल किया है नगर पालिका परिषद चांपा में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी हरीश पांडे एवं अंकित ने भी जीत हासिल किया है इसी तरह अंजलि तथा धर्मेंद्र देवांगन ने भी अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित करते हुए जितने में सफलता हासिल किए हैं वही विनीता मोदी ने जीत हासिल कर 218 मतों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव हराया है इसी तरह महेंद्र तिवारी तथा पुरुषोत्तम देवांगन ने भी जीत हासिल किया है इस तरह नगर पालिका परिषद चांपा में भी एक तरह से भाजपा का ही वर्चस्व रहा है जहां प्रति प्रदीप नामदेव ने जीत हासिल कर एक रिकॉर्ड बनाया है समाचार लिखे जाने तक आंकड़ा नहीं थे इस कारण से आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है किंतु प्रदीप नामदेव ने जीत हासिल कर यह साबित कर दिया है कि जनता में उनकी गहरी पैठ है।

## अंबिकापुर में बीजेपी मेयर प्रत्याशी मंजूषा भगत जीतीं

**अंबिकापुर।** नगर निगम में बीजेपी मेयर प्रत्याशी मंजूषा भगत 11 हजार 63 मतों से जीत गई हैं। मंजूषा भगत ने लगतार दो बार के महापौर डा. अजय तिर्की को बड़े मतांतर से शिकस्त दी है। अंबिकापुर नगर निगम के 48 वार्डों में से 35 से अधिक वार्डों में भाजपा का कब्जा हुआ है। कांग्रेस के कई बड़े दिग्गज नेता वार्ड पार्षद का चुनाव हार गए हैं।

पॉलिटेक्निक कॉलेज में वोटों की गिनती हुई। जबकि 11 फरवरी को यहां करीब 63.20 प्रतिशत मतदान हुआ था। मेयर के लिए 6 और 48 वार्ड पार्षद के लिए 124 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। अंबिकापुर के 48 वार्डों में कुल 78764 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

अंबिकापुर निगम में 1 लाख 21 हजार 454 मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 59 हजार 644 और महिलाओं की संख्या 61 हजार 800 है। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 10 हैं। मतदान के दिन निर्वाचन इलाके में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था।

# रेलवे ट्रैक पर टुकड़ों में मिली गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की लाश

### सिर-धड़ से अलग और हाथ-पैर कटे, युवक के परिजन बोले-हत्या हुई; मोबाइल से डेटा डिलीट है



**बिलासपुर।** जिले में युवक और युवती की रेलवे ट्रैक पर लाश मिली है। दोनों के शव टुकड़ों में बंटे हुए थे। हाथ और पैर के अलावा सिर भी कटा हुआ था। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। युवक के मोबाइल से डेटा डिलीट मिला है। मामला चकरभाठा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, युवक की पहचान सिरगिट्टी निवासी सोमनाथ यादव (23 साल) और युवती की पहचान तमन्ना मानिकपुरी (21 साल) के रूप में हुई है। दोनों का घर एक ही इलाके में है। बताया जा रहा है कि, दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे।

**जानिए क्या है पूरा मामला ?**

दरअसल, युवती एक दिन पहले किसी परिचित की शादी में गई थी, लेकिन वह घर नहीं लौटी। उसके परिजनों ने रिश्तेदारों में पतासाजी की। उसको आसपास तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। युवक के परिजनों ने भी तलाश की, लेकिन उसका भी पता नहीं चला।

**पटरी पर खून के धब्बे, शरीर के मांस के टुकड़े मिले**

युवती के परिजनों ने बताया कि, दूसरे दिन सूचना मिली कि परसदा रेल लाइन इलाके में युवक-युवती की टुकड़ों में लाश मिली है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे। लड़के का हाथ-पैर, सिर और धड़ अलग हो चुका है, जबकि लड़की का सिर बुरी तरह कुचला गया है। पटरी पर खून के धब्बे और शरीर के मांस के टुकड़े बिखरे हुए हैं।

**परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया**

परिजनों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। इसके बाद जीआरपी और चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

**युवक के भाई ने कहा-वो खुदकुशी नहीं कर सकता**

मृतक का भाई खोमलाल यदु यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने भाई की मौत पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि कि, मेरा भाई बहादुर था वो खुदकुशी नहीं कर सकता, जिस तरह से उसकी लाश मिली है, इससे मामला संदिग्ध लग रहा है। खोमलाल यदु यादव ने कहा कि उसका शरीर कई टुकड़ों में मिला है, उसके ट्रेन से कटने पर भी संदेह है। उसके मोबाइल से डेटा डिलीट हुआ है। निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**पुलिस हर एंगल से कर रही जांच**

वहीं, मामले में जीआरपी ने बताया कि मृतकों के परिजनों, उनके दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। कैसे किस हालत में वह ट्रैक पर पहुंचे, ये खुदकुशी है या हत्या हर एंगल से जांच की जा रही है।

## पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** नाबालिग के अपहरण और शारीरिक शोषण मामले में घरघोड़ा पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी जाफर खान को 9 महीने बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उसे रिमांड पर भेज दिया गया। मामला 9 मई 2024 का है, जब घरघोड़ा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी जाफर खान (23) ने बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाया और उसे झारखंड के गढ़वा जिले में अपने घर में रखा। बता दें कि 23 दिसंबर 2024 को पुलिस ने गढ़वा में दबिश देकर नाबालिग को आरोपी के घर से बरामद किया, लेकिन उस समय आरोपी और उसके परिजन फरार हो गए थे।

बालिका की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए महिला पुलिस अधिकारी ने उसका बयान दर्ज किया और काउंसलिंग की। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पर अपहरण के साथ-साथ दुष्कर्म की धाराएं जोड़ते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने अपने माता-पिता की मदद से 7 मई से 22 दिसंबर तक नाबालिग को बंधक बनाकर रखा और दुष्कर्म कर रहा था।

## प्रयोगशाला सहायक भर्ती की परीक्षा 9 मार्च को

**जांजगीर।** कृषि विभाग में प्रयोगशाला सहायक की भर्ती होगी। व्यापमं की ओर से इसके लिए परीक्षा 9 मार्च को होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र 20 फरवरी के बाद जारी होंगे। इसे लेकर व्यापमं से तैयारी की जा रही है। पिछले साल अक्टूबर में व्यापमं से प्रयोगशाला तकनीशियन के लिए भर्ती परीक्षा कराई गई थी। इसके बाद करीब छह महीने बाद व्यापमं से कोई परीक्षा होगी। प्रयोगशाला सहायक से शुरुआत होगी। लैब अटेंडेंट के कुल 9 पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा होगी। इसके लिए अक्टूबर 2023 में विज्ञापन जारी हुआ था। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन किए है। इस परीक्षा के बाद फिर 23 मार्च को मत्स्य निरीक्षक के लिए भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। मछली पालन विभाग में कुल 70 मत्स्य निरीक्षकों की भर्ती होगी। इसके लिए जनवरी-फरवरी 2024 में आवेदन मंगाए गए थे। उसके बाद 13 अप्रैल को सहायक सांख्यिकी अधिकारी कृषि विभाग की परीक्षा होगी। इसके लिए अक्टूबर 2023 में 17 पदों पर वैकेंसी निकली थी। तीनों परीक्षाओं के बाद ही, व्यापमं से पहली नई भर्ती के लिए परीक्षा होगी।

नीट यूजी के लिए 7 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) यूजी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 7 मार्च तक छात्र neet.nta.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर जा सकते हैं। 4 मई को परीक्षा होगी। बीते दिनों नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस संबंध में सूचना जारी की है।

## कुंभ कल्प में बनी पंचकोसी यात्रा की झांकी

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प 2025 का आयोजन नए स्वरूप में पहले से अधिक आकर्षक और भव्य रूप में दिखाई दे रहा है। कुंभ मेले की साज-सजावट और आकार मेलार्थियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। राजिम कुंभ में आस्था, भक्ति और संस्कृति का समन्वय किया गया है। जहां दिन भर भजन कीर्तन के साथ ही देश के कोने-कोने से आए हुए प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा विशाल मंच में प्रस्तुति देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे है। इस बार राजिम कुंभ पंचकोसी यात्रा की थीम पर बनाया गया है। पंचकोशी यात्रा की महत्ता को लोगों तक पहुंचाने चौबेबांधा के नए मेला मैदान में इसकी झांकी का निर्माण किया गया है। मेलार्थियों को मनोरंजन के साथ ही पंचकोशी यात्रा का लाभ एक ही स्थान पर मिल सकता है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में मेले के एक माह पहले पंचकोशी यात्रा निकाली जाती है।

## जल जीवन मिशन के बाद मल्टीविलेज प्रोजेक्ट का हाल बेहाल , गर्मी तक नहीं मिलेगी सुविधा

**जांजगीर चंपा।** जिले में 600 करोड़ की जल जीवन मिशन योजना का हाल बेहाल है। अब मल्टीविलेज योजना भी ठंडे बस्ते में जाते दिखाई पड़ रही है। योजना की शुरूआत जून 2024 में की गई है लेकिन अब तक योजना पूरी तरह से मूर्त रूप नहीं ले पाई है। इससे गांवों में पानी की समस्या दूर होना तो दूर एक बूंद भी योजना के तहत पानी नहीं मिल पाएगा। ऐसे में ग्रामीण परंपरागत जल स्त्रोतों से पानी लाकर गला तर करेंगे।

पीने के पानी के लिए जल जीवन मिशन के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रीकी विभाग ने मल्टीविलेज योजना की शुरुआत की है लेकिन योजना के तहत काम ठंडे बस्ते में दिखाई पड़ रही है। क्योंकि जल स्त्रोत का पता नहीं चल पा रहा है। इससे पहले जल जीवन मिशन का काम भी अधर में है।पीने के पानी के लिए सरकार नई-नई योजना बनाने जा रही है। इससे पहले जल जीवन मिशन की शुरुआत की गई। हालांकि 600 करोड़ की यह योजना जिले में 100 फीसदी सफल नहीं हुई। अब तक योजना के तहत 70 फीसदी काम ही हुए हैं। शेष 30 फीसदी काम अभी रुके हुए हैं। इससे लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हुआ है। इसके बाद सरकार मल्टीविलेज प्रोजेक्ट योजना की शुरूआत कर चुकी है।योजना के तहत गांवों का समूह बनाकर एक टंकी से दूसरी टंकी को जोड़कर जलापूर्ति करनी थी, लेकिन योजना के तहत 8 माह बाद भी कौड़ी काम नहीं हुआ है।

## समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद नहीं मिला भुगतान



**मालखरौदा।** धान खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की राशि अब तक खाते में नहीं आने से किसानों में नाराजगी है। क्षेत्र के किसानों के अनुसार जिन किसानों ने 17 से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केन्द्रों में बेचा है। उन सभी किसानों की समर्थन मूल्य राशि 2300 रुपए अब तक खाते में जमा नहीं हो सकी है। किसान समिति में जाकर बार-बार समिति प्रबंधक कंप्यूटर ऑपरेटर से जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा सभी डाटा दिखाने के बाद कहा जा रहा है कि शासन स्तर से ही राशि सीधे आपके खाते में जमा होगी और समिति में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं है।

किसानों का आरोप है कि एक ओर जहां छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन द्वारा किसानों ने सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र में बेचे गए धान की राशि 72 घंटे में खाते में पहुंचने की बात कही जाती है, वहीं दूसरी ओर 17 से 31 जनवरी के बीच में बेचे गए किसानों की धान की समर्थन मूल्य की राशि अभी तक प्राप्त नहीं होना संदेह को जन्म दे रहा है। इस संबंध में बड़ेकोट, चिखली, नवापारा, आमनदुला सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने तत्काल धान की समर्थन मूल्य राशि जमा करने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है, ताकि उनकी परेशानियों का सही समय में हल निकल सके।

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मुख्य कार्यालय - संपदा शाखा, साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
फोन नं. 221288-222672, फैक्स :- 07759-221288, 221929
Website: www.korbamunicipal.in, Email Id-corporationkorba@gmail.com

फा.क्र./15/संपदा/2025/6137 — कोरबा, दिनांक 12.02.25

**मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स का आबंटन हेतु संशोधित निविदा आमंत्रण की सूचना**

मुड़ापार बाजार में निर्मित काम्पलेक्स की कुल 10 दुकान (प्रत्येक दुकान का, क्षेत्रफल 120 वर्गफीट) के नियमित रूप से रख-रखाव के साथ-साथ संचालन हेतु जन सामान्य/विभिन्न संस्थाओं/शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों तथा व्यक्ति से, मासिक किरायेदारी पर यथा-स्थिति आबंटन शर्तों के तहत 11 माह की किरायेदारी पर उपलब्ध कराने हेतु राशि रूपये 1,400/- (चौदह सौ रूपये) पर उच्चतम मासिक किराये ऑफर की निविदा आमंत्रण करने के संबंध में दिनांक 10.01.2025 को दैनिक समाचार पत्र नवभारत पत्रिका, तरूण छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय विजय मेल में आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है एवं संशोधित आम सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र नवभारत, पत्रिका, तरूण छत्तीसगढ़ एंव राष्ट्रीय विजय मेल में कराया गया है। जिसके अनुसार उक्त निविदा की तिथि दिनांक11.02.2025 निर्धारित थी। अपरिहर्य कारणों से उक्त निविदा की तिथि आगे बढ़ाते हुए दिनांक 28.02.2025 एवं निविदा आमंत्रण हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति तिथि 27.02.2025 निर्धारित की जाती है। शेष शर्ते यथावत रहेगी।

प्र. संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुभाषचंद अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 13 नौधा चौक सक्ती तहसील-सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.) का निवासी है। आवेदक के नाम पर शीट नंबर 21-डी भू-खण्ड क्रमांक 119/1 क्षेत्रफल 624 वर्ग फिट दर्ज है। आवेदित भू-खण्ड का पट्टा अवधी 2012 में समाप्त हो गया है। आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है। नजूल की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, पट्टा नवीनीकरण करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि का आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 19.02.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-डी | 119/1 | 624 वर्ग फिट |

सील — तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बबिता अग्रवाल पति भरत अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 04 बंधवातालाब पारा सक्ती तहसील-सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.) का निवासी है। आवेदक के नाम पर शीट नंबर 14-डी भू-खण्ड क्रमांक 87 क्षेत्रफल 2616 वर्ग फिट दर्ज है। आवेदित भू-खण्ड का पट्टा अवधी 2012 में समाप्त हो गया है। आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है। नजूल की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, पट्टा नवीनीकरण करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि का आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 19.02.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू-खण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 14-डी | 87 | 2616 वर्ग फूट |

सील — तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कपूरचंद अग्रवाल पिता प्रेमचंद अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 13 नौधा चौक सक्ती तहसील-सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.) का निवासी है। आवेदक के नाम पर शीट नंबर 21-डी भू खंड क्रमांक 119/2 क्षेत्रफल 857 वर्ग फिट दर्ज है।आवेदित भू-खण्ड का पट्टा अवधी 2012 में समाप्त हो गया है। आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है। नजूल की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, पट्टा नवीनीकरण करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि का आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 19.02.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | भू खंड-क्रमांक | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-डी | 119/2 | 857 वर्ग फिट |

सील — तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार (नजूल) सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.-
ग्राम-/नगर-सक्ती, तहसील-सक्ती

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोविन्दराम क्षत्री पिता केवलराम क्षत्री निवासी वार्ड नंबर 07 हटरीपारा सक्ती तहसील जिला सक्ती (छ.ग.) का है। नगर नजूल सक्ती के शीट नंबर 21-ए हटरीपारा के भू-खण्ड क्रमांक 20 क्षेत्रफल 2454 वर्ग फिट केवलराम पिता टोलूमल सिंधी के नाम पर दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के खातेदार केवलराम का मृत्यु दिनांक 15.12.1970 को हो गया है। आवेदक द्वारा मृतक के विधिक वारिसान आवेदक गोविन्दराम का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नजूल अभिलेख की प्रतिलिपि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

आवेदित भूमि को आवेदक गोविन्दराम क्षत्री पिता केवलराम क्षत्री के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। इस विषय में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेश दिनांक 19.02.2025 तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

| शीट क्र. | प्लाट नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 21-ए | 20 | 2454 वर्ग फिट |

सील — तहसीलदार (नजूल) सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

**तुम्हारी खूबियाँ ही तुम्हारा मार्गदर्शन करती है!**

## कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का समापन करते हुए राज्य सभा में अपनी सरकार द्वारा किए गए कायरे की फेहरिस्त पुरानी तर्ज पर एक बार फिर प्रस्तुत की कि किस तरह उनकी आर्थिक नीति आगे बढ़ रही है और किस तरह उनकी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबों की सीमा लांघकर मध्यवर्गीय दहलीज पर पहुंचे हैं।

उनके भाषण का एक प्रमुख स्वर वही था जो प्रायः सुनाई पड़ता है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने फिर कहा कि उनकी प्राथमिकता परिवार है जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्र है। कांग्रेस की कोई भी नीतियां परिवार विशेष को केंद्र में रखकर बनती हैं तो उनकी नीतियां राष्ट्र को केंद्र में रखकर बनती है। मोदी के अनुसार कांग्रेस का राज अत्यधिक धीमी आर्थिक प्रगति का राज था, जबकि एनडीए का वर्तमान शासन तीव्र आर्थिक प्रगति का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शासन तुष्टिकरण का शासन था जबकि एनडीए का शासन संतुष्टीकरण का है। यूं तो मोदी के भाषण में कुछ भी नया नहीं था। कांग्रेस के परिवारवाद का जो आरोप लगाते रहे हैं, उसकी ही पुनर्पुष्टि थी। विशेष बात यह थी कि उनके प्रभावी वक्तव्य के आगे कांग्रेस की निरीहता ही उजागर हो रही थी।

अगर कांग्रेस का गांधी परिवार की पृष्ठभूमि और उसके गौरवशाली अतीत का मूल्यांकन करें तो मोदी का प्रहार कहीं से भी अतिवादी प्रतीत नहीं होता है। कल्पना करिए कि अगर सोनिया गांधी राजीव गांधी की पत्नी और इंदिरा गांधी की बहू नहीं होती तो क्या सचमुच में उनमें वह राजनीतिक क्षमता और भारतीय समाज को समझने की प्रतिभा थी कि वह कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी की अध्यक्ष बनती। उससे आगे क्या राहुल गांधी सचमुच उतने क्षमतावान राजनीतिज्ञ हैं, जितना कांग्रेस के शीर्ष नेता के रूप में अथवा विपक्षी दल के रूप में होना चाहिए। जाहिर है उनकी हैसियत परिवार प्रदत्त हैसियत है जो प्रायः कांग्रेस को दुविधा में डालती रहती है। मोदी के प्रहारों से कांग्रेस तभी बच सकती है जब वह अपने भीतर गुणात्मक और रचनात्मक परिवर्तन करे अन्यथा परिवारवाद का जो हथियार मोदी के हाथ में है वह हमेशा चलता रहेगा और कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं, साथ ही आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज आपके घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। बच्चों की जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको काम करने के लिये कह सकता है, आप उनके काम में सहयोग करेंगे।

**तुला राशिः**आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में किसी नये कार्य की शुरुआत हो सकती है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है। आज आपको धन लाभ होगा। आज आपके ज्यादातर काम पूरे होंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। आज आपके घर मेहमान आयेंगे, जिससे आपको दिन भर के शेड्यूल में चेंजेस करने पड़ सकते हैं। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने अनुभव का सही इस्तेमाल करके किसी रुके काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज घर के जरूरी कर्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। आज आप ऑनलाइन नया बिजनेस शुरू करने का प्लान बनायेंगे।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिलाने के योग बने हुए है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिल सकता है। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है। आपका काम दूसरों को खुश कर सकता है।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना चाहती है उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला हैं। आपका काफी दिनों से सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

# भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

//मिथिलेश्वर ठाकुर//

**भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज़्यादा रोज़गार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाज़ार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाज़ारों में टैरिफ़ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया।**

इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआई और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया। बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केन्द्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निर्माता, निर्यातक, डिज़ाइनर और नीति निर्माता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।

उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किए गए समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्टीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरन्तरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा। इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा।

जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूर्वानुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे।

भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे।

भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड और वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के विचार को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है।

भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

# इजरायल को विनाश तांडव जारी रखने की हरी झंडी

//डॉ. दिलीप चौबे//

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीन में तबाही का शिकार गाजा के पुनर्निर्माण का जो प्रस्ताव रखा है, उसने दुनिया के विभिन्न देशों को चौंका दिया है। पिछले पंद्रह महीनों से गाजा में जारी विनाश लीला में इन दिनों कुछ दिनों के लिए विराम लगा है तथा कुछ बंधकों की रिहाई का क्रम जारी है। आशा की जा रही थी कि शांति का यह सीमित समय एक दूरगामी संघर्ष विराम का रूप ले सकता है। इसी समय ट्रंप ने गाजा का अधिग्रहण कर वहां तथाकथित पुनर्निर्माण का प्रस्ताव पेश किया है।**

उन्होंने इजरायल के युद्ध पीपासु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पहले विदेशी नेता के रूप में व्हाइट हाउस आमंत्रित किया। इस मुलाकात के दौरान ही उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि वह गाजा को अपने नियंत्रण लेकर उसे एक पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित करे। पचास हजार लोगों की मौत और लाखों लोगों के घायल होने वाले क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने की बात कितनी मानवीय और अव्यावहारिक है, इसे लेकर सभी लोग स्तब्ध हैं। पूरा गाजा क्षेत्र खंडहर में तब्दील हो चुका है। सीमित संघर्ष विराम के दौरान लाखों लोग उत्तरी गाजा में अपने खंडहर बने मकानों को संजोने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे समय किसी भी विश्व नेता से यह आशा थी कि वह मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पीड़ित लोगों को नई शुरुआत करने का संदेश दे तथा यथासंभव मदद करे। लेकिन ट्रंप ने ठीक इसके विपरीत काम किया। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के वारंट के बावजूद नेतन्याहू अमेरिका के सम्मानित अतिथि बने। अपने मेजबान से उन्होंने गाजा के बारे में जो कुछ सुना वैसा कहने का दुस्साहस वह खुद नहीं पर पाए।

वास्तव में गाजा में पुनर्निर्माण का सुझाव पिछले वर्ष ट्रंप के दामाद जरेड कुशनर ने दिया था। उस समय गाजा में नरसंहार अपने प्रारंभिक दौर में था। धीरे-धीरे तबाही बढ़ती गयी। आज जब गाजा कई मायनों में कब्रिस्तान का रूप ले चुका है, उस समय गाजा को पर्यटन स्थल बनाने का सुझाव कोई जिम्मेदार राजनेता नहीं दे सकता। आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप और उनके समर्थकों ने ऐसे बयान दिये थे कि नया प्रशासन दुनिया में संघर्ष शुरू करने की बजाय युद्ध का अंत करने को प्राथमिकता देगा। यह आशा बनी थी कि ट्रंप प्रशासन रूस और यूक्रेन पर दबाव डालकर वहां तीन साल से जारी युद्ध समाप्त कराने की कोशिश करेगा। इसी तरह फिलिस्तीन में इजरायल और हमास को भी संघर्ष समाप्त करने के लिए बाध्य किया जाएगा। लेकिन अब लगता है कि ट्रंप ने इजरायल को विनाश तांडव जारी रखने की हरी झंडी दिखा दी है। इतना ही नहीं, वह गाजा में सीधे रूप से अमेरिका की दखलंदाजी की भूमिका तैयार कर रहे हैं। ट्रंप की योजना यह है कि गाजा के लाखों लोगों को वहां से बेदखल कर पड़ोसी देशों मिस्र और जॉर्डन भेजा जाए।

गाजा क्षेत्र में मलवे की सफाई की जाए तथा दुनिया भर से निवेश आकर्षित कर वहां नये भवनों का निर्माण किया जाए। डोनाल्ड ट्रंप मूलतः रियल एस्टेट कारोबारी रहे हैं। लगता है कि वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के नेता की बजाय अपने पुराने कारोबार की मानसिकता से काम कर रहे हैं। गाजा के पुनर्निर्माण में करीब एक दशक का समय लगेगा। क्या इतने समय तक कोई देश लाखों शरणार्थियों को अपने यहां आश्रय देने का बोझ उठाने के लिए तैयार होगा। फिलहाल तो मिस्र और जॉर्डन, दोनों ने फिलिस्तीनियों को अपने यहां आश्रय देने का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया है। चिंताजनक पहलू यह भी है कि ट्रंप ने खुल कर यह नहीं कहा है कि पुनर्निर्माण के बाद सभी फिलिस्तीनी लोगों को उनके अपने मूल स्थान पर बसाया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि गाजा एक ऐसा मुख्य स्थल बन जाएगा जहां दुनिया भर के लोग आकर रहेंगे। अमेरिका और इजरायल के पुराने रवैये को देखते हुए अनुमान लगाया जा सकता है कि नये गाजा में वास्तव में इजरायल के नागरिकों का ही बोलबाला हो जाएगा। पुनर्निर्माण की योजना बिना सैनिक मौजूदगी के संभव नहीं लगती। आशंका इस बात की है कि फिलिस्तीन कहीं अमेरिका के लिए नया वियतनाम न बन जाए।

## बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर

प्राकृतिक खेती को बेहतर गुणवत्ता के खाद्यों के उत्पादन और पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी माना जा रहा है, और इस आधार पर ही इसके अधिक प्रसार की चर्चा है। इसके साथ-साथ प्राकृतिक खेती से एक अन्य महत्त्वपूर्ण लाभ यह भी प्राप्त हो सकता है कि इससे गोवंश की रक्षा की नई और अधिक संभावनाएं उत्पन्न होती हैं।प्राकृतिक खेती में खाद के रूप में सबसे अधिक उपयोग गोवंश के गोबर और मूत्र का होता है, विशेषकर गाय के गोबर और मूत्र का। इसके अतिरिक्त फसलों की हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा के लिए भी इस गोबर और मूत्र को अत्यधिक उपयोगी माना गया है। इस महत्त्व को स्वीकार करते हुए अब अनेक गांवों में ऐसे प्राकृतिक कृषि केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं, जहां गोवंश के गोबर और मूत्र का ही अधिक उपयोग करते हुए खाद और हानिकारक कीड़ों आदि से रक्षा की दवा बनाई जा रही हैं। जैसे-जैसे इसका प्रसार बढ़ेगा, वैसे-वैसे गांववासियों को लगेगा कि गाय यदि दूध देने की स्थिति में नहीं है तो भी उसके गोबर और मूत्र का भी बहुत उपयोग है। इस स्थिति में यह संभावना बढ़ेगी कि गोवंश की रक्षा अधिक बड़े पैमाने पर और अधिक निष्ठा के साथ की जाए। यदि गोवंश के गोबर और मूत्र पर आधारित खाद और दवा अधिकांश किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिल जाए तो इससे प्राकृतिक खेती का प्रसार कहीं अधिक हो सकेगा, अच्छी गुणवत्ता के स्वास्थ्य के अनुकूल खाद्य बड़ी मात्रा में उपलब्ध हो सकेंगे और साथ में गोवंश की अधिक रक्षा हो सकेगी। उनके लिए गोशालाएं वहीं बड़ी संख्या में स्थापित हो सकेंगी और उन्हें आवारा और बेसहारा घूमने के लिए नहीं छोड़ा जाएगा। आज देश में गोशालाएं चल तो रही हैं पर प्रायः उनकी स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठीक बजट उपलब्ध हो भी जाए तो अनेक स्थानों पर भ्रष्टाचार के कारण कठिनाइयां आ जाती हैं और गोशाला में रखे पशुओं को ठीक से पोषण नहीं मिल पाता है। कभी-कभी तो यहां रखे गए पशुओं को बहुत कष्ट सहना पड़ता है। दूसरी ओर, जब गोबर और गोमूत्र का सही उपयोग होगा, वैज्ञानिक ढंग से इसका संग्रहण और सदुपयोग होगा, तो गोशालाओं को इस तरह आय भी प्राप्त हो सकेगी और विभिन्न कुटीर उद्योग भी यहां पनप सकते हैं। इस सब नियोजन में एक विशेष बात का ध्यान रखना है-बैल की रक्षा की जिम्मेदारी को भी समझना है। प्रायः गाय की रक्षा की जिम्मेदारी को समझा जाता है, और गाय के दूध के अधिक स्वास्थ्यवर्धक होने को तो अब बहुत से लोग अधिक मान्यता देने लगे हैं। दूसरी ओर, बैलों की रक्षा की जिम्मेदारी को अभी तक बहुत से लोग स्वीकार नहीं कर रहे हैं। अब इसे रेखांकित कर कहना चाहिए कि गोवंश की रक्षा की जिम्मेदारी तब तक पूरी नहीं हो पाएगी जब तक हम गायों के साथ बैलों की भी जिम्मेदारी को नहीं समझते हैं, और उन्हें नहीं संभालते हैं। बैल खेती-किसानी की अमूल्य धरोहर है। सैकड़ों वर्षो से वे भारतीय किसान के सबसे नजदीकी सहयोगी रहे हैं। प्रेमचंद की विख्यात कहानी दो बैलों की कथा' हो या इसी पर आधारित फिल्म हीरा-मोती' में अनेक स्तरों पर बैलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया है। बैलों पर आधारित खेलों का आयोजन भी देश में होता रहा है। जुताई, सिंचाई, यातायात, कोल्हू, फसल को मंडी तक पहुंचाने जैसे कितने ही महत्त्वपूर्ण कायरे में बैलों की महत्त्वपूर्ण सहायता मिल रही है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 का दौरा करते हुए। साथ में विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा भी इस अवसर पर मौजूद हैं।



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु कर्नाटक के बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करती हुई।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड में इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 समापन कार्यक्रम के दौरान शिवकुमार को सम्मानित किया गया।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में शामिल हुए।




नई दिल्ली के कॉनॉट प्लेस में वैलेंटाइन डे के अवसर पर दो लड़कियां मुफ्त गुब्बारे बेच रही हैं।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहानाबाद में अपनी प्रगति यात्रा के दौरान लाभार्थियों को चेक सौंपा।



इंफाल में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कंगला गेट पर सुरक्षाकर्मी पहरा देते हुए।

# सिंगरौली में कोयला लेकर जा रहा ट्रेलर पलटा दो युवकों की मौत, भड़के ग्रामीणों ने ट्रक-बस फूंके



**सिंगरौली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में सिंगरौली जिले के मांडा थाना क्षेत्र में एक डंपर के चालक ने बाइक सवार रामलालू यादव और रामसागर प्रजापति को शुक्रवार सुबह सामने से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गुस्साए लोगों ने अदाणी कंपनी की चार बसें और कंपनी से अनुबंधित दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। घटनाक्रम के बाद शुक्रवार रात करीब आठ बजे कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला और एसपी मनीष खत्री मौके पर पहुंच गए। प्रभारी आईजी साकेत पांडे के मुताबिक हालात नियंत्रित हैं। कई थानों का बल मौके पर तैनात किया गया है।

पुलिस के अनुसार सुबह करीब 11 बजे अमिलिया खदान से आ रहे डंपर के चालक ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों को मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद डंपर भी पलट गया। डंपर चालक फरार है और वाहन को जब्त कर लिया गया है।जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने अमिलिया घाटी से गुजर रहे दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। इसके बाद घटनास्थल से करीब सात किमी दूर अदाणी की कंपनी से शिफ्ट के कर्मचारियों को लेने के लिए निकलीं चार बसों को बधोरा गांव के पास रात साढ़े सात बजे आग के हवाले कर दिया। बताया गया कि हादसे की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और कोयला खदान प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

घटना के बाद कुछ देर के लिए यहां से खदानों की गाड़ियों की आवाजाही बंद थी, लेकिन जैसे वाहन निकलना शुरू हुए तो आक्रोशित लोगों ने वाहनों को रोककर आग लगाना शुरू कर दी। सिंगरौली में एक डंपर के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों की मौत हो गई है। इसके बाद गुस्से में आए लोगों ने चार बसों और दो ट्रकों को आग के हवाले कर दिया। पथराव किए जाने की बात भी सामने आई है। स्थिति काबू में है। शनिवार को बैढ़न में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## बांग्लादेशियों के हमले में बीएसएफ के दो जवान घायल, सीमा पर दोनों देशों के लोग आए आमने-सामने

**कूचबिहार 15 फरवरी।** बांग्लादेशियों के हमले में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए हैं। यह घटना बंगाल के कूचबिहार जिले के अंतर्गत गीतलदह नारायणगंज सीमा पर हुई है। बताया गया है कि शुक्रवार दोपहर बीएसएफ की तीन बटालियन के जवान भारत-बांग्लादेश सीमा पर गश्त लगा रहे थे। उनकी नजर कुछ बांग्लादेशियों पर पड़ी जो भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। यह सभी तस्कर थे और पशु तस्करी के इरादे से भारतीय सीमा में आ रहे थे। बीएसएफ जवानों ने जब इनको रोका तो उन्होंने हमला कर दिया। इस हमले में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए हैं। जवानों ने जब इनको ललकारा तो सभी बांग्लादेशी सीमा के अंदर चले गए। उसके कुछ ही देर बाद काफी संख्या में बांग्लादेशी सीमा क्षेत्र पर आ गए। भारतीय सीमा क्षेत्र में जब हमले की खबर फैली तो वहां भारतीयों की भी भीड़ लग गई। दोनों देशों के नागरिक आमने-सामने आ गए। कहा जा रहा है पत्थरबाजी भी हुई। इससे पूरे इलाके की स्थिति तनावपूर्ण हो गई।इस घटना की खबर मिलते ही दिनहाटा के एसडीपीओ धीमान मित्रा और आइसी जयदीप मोदक काफी संख्या में पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। बीएसएफ की अतिरिक्त टुकड़ियां भी मौके पर पहुंची। दूसरी ओर बांग्लादेश बोर्डर गार्ड (बीजीबी) भी सीमा पर पहुंचे और अपने नागरिकों को वहां से हटाया।

## आयकर विधेयक 2025 की समीक्षा के लिए लोकसभा की प्रवर समिति का गठन, भाजपा सांसद पांडा होंगे अध्यक्ष

**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आयकर विधेयक की समीक्षा के लिए शुक्रवार को निचले सदन की 31 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया।भाजपा के बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली इस समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। संसद का बजट सत्र चार अप्रैल को समाप्त होगा। मानसून सत्र जुलाई के तीसरे या चौथे सप्ताह में शुरू हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक 2025 पेश किया था। विधेयक पेश करते समय वित्त मंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष से विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया था।नया आयकर विधेयक 2025, आयकर कानून 1961 का स्थान लेगा। इसे अप्रैल 2026 से लागू करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित विधेयक में, इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के दौरान मूल्यांकन वर्ष की जगह टैक्स ईयर शब्दावली का प्रयोग किया जाएगा ताकि भ्रम की स्थिति न पैदा हो।नए इनकम टैक्स बिल का मकसद कानून को सरल और स्पष्ट बनाना है। इस नए बिल से लगभग 3 लाख शब्द कम किए गए हैं। इससे कानून अधिक सुगम और समझने में आसान होगा। साथ ही, बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने और टैक्स सिस्टम को पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।नए इनकम टैक्स बिल को पहले आयकर कानून 1961 की जगह पेश किया गया है। पुराने कानू में कुल 880 पन्नों थे। नए कानून में 622 पन्ने रखे गए हैं। इसमें ज्यादातर सबसेक्शन खत्म कर दिए गए हैं। नए कानून को इनकम टैक्स एक्ट, 2025 कहा जाएगा। पुराने और गैरजरूरी प्रावधान हटा दिए गए हैं। इससे कानून अधिक प्रासंगिक हो गया है। मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। इसे आम नागरिकों के समझने लायक बनाया गया है।

# पीएम की विदेश यात्राओं में खामियां निकालना कांग्रेस की आदत, भाजपा ने विपक्ष पर किया पलटवार

**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा को भाजपा ने शुक्रवार को ऐतिहासिक करार दिया। कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में खामियां निकालना कांग्रेस नेताओं की आदत बन गई है।पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर पोस्ट किया, पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ने भारत-अमेरिका संबंधों को इतना मजबूत किया जितना पहले कभी नहीं था। भाजपा के एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाएगा। उन्होंने (पीएम मोदी ने) अमेरिका को इसके लिए मना लिया। यह भारत के लिए बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। उद्योगपति गौतम अदाणी के कथित भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का मोदी पर आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाहनवाज ने कहा कि कांग्रेस नेता को ध्यान रखना चाहिए कि पीएम मोदी देश के प्रधानमंत्री के रूप में अमेरिका गए, न कि भाजपा नेता के रूप में।

प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में खामियां निकालना कांग्रेस की आदत बन गई है।इससे पहले राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया था, देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी मोदी जी ने अदाणी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया!

गौरतलब है कि यह पूछे जाने पर कि क्या वार्ता में अदाणी से जुड़ा मुद्दा उठा, वाशिंगटन में ट्रंप के साथ संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में मोदी ने कहा, दो नेताओं के बीच बातचीत में ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं की जाती है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हो रहे रिटायर, कौन बनेगा अगला CEC, 17 फरवरी को समिति की बैठक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति अगले सप्ताह की शुरुआत में अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के नाम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी। समिति में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले समिति की बैठक सोमवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास पर होगी। कानून के अनुसार, सीईसी और ईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। सीईसी और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति उन व्यक्तियों में से की जाएगी जो भारत सरकार के सचिव के पद के बराबर पद पर हैं या उसे धारण कर चुके हैं। चयन समिति उम्मीदवारों में से एक नाम की सिफारिश करेगी।

इस सिफारिश के आधार पर राष्ट्रपति अगले सीईसी की नियुक्ति करेंगी।राजीव कुमार के बाद ज्ञानेश कुमार सबसे वरिष्ठ निर्वाचन आयुक्त हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक है। सुखबीर सिंह संधू दूसरे निर्वाचन आयुक्त हैं। अब तक वरिष्ठतम निर्वाचन आयुक्त (ईसी) को मौजूदा सीईसी की सेवानिवृत्ति के बाद सीईसी के रूप में पदोन्नत किया जाता रहा है। पिछले साल सीईसी और ईसी की नियुक्तियों पर एक नया कानून लागू होने के बाद चयन समिति पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों को छांटती है और उनकी नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली समिति विचार करती है। सीईसी के अलावा, राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से पैदा रिक्ति को भरने के लिए एक नया ईसी भी नियुक्त किया जा सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के प्रविधानों को पहली बार सीईसी नियुक्त करने के लिए लागू किया जा रहा है।

# भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान से तिलमिला उठा पाकिस्तान, किस बात को लेकर टेंशन में शहबाज शरीफ



**इस्लामाबाद, 15 फरवरी [एजेंसी]।**


पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठनों को लेकर भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान से पाकिस्तान तिलमिला गया है। संयुक्त बयान में पाकिस्तान से कहा गया है कि वह मुंबई आतंकी हमले और पठानकोट हमले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। इस बयान पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को आपत्ति जताई। पाकिस्तान के विदेश विभाग के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि हम भारत-अमेरिका संयुक्त वक्तव्य में पाकिस्तान के विशिष्ट संदर्भ को एकतरफा, भ्रामक और राजनयिक मानदंडों के विपरीत मानते हैं। उन्होंने अमेरिका द्वारा भारत को हथियारों की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सैन्य असंतुलन बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार (भारत के समय के अनुसार शुक्रवार सुबह) वाशिंगटन में बैठक के दौरान पाकिस्तान से 26/11 मुंबई हमलों के अपराधियों को शीघ्र न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पीएम मोदी पहली बार दो दिवसीय अमेरिका की यात्रा पर पहुंचे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पीएम मोदी की मेजबानी की। इस दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद समेत तमाम मुद्दों पर विचार विमर्श किया।संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूती से एक साथ खड़े हैं। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। दोनों नेताओं ने कहा कि आतंकवाद के वैश्विक संकट से लड़ा जाना चाहिए। दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के सुरक्षित ठिकानों को खत्म करना जरूरी है।

## कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल भूपेश बघेल बने महासचिव, पार्टी ने कई रा'यों के प्रभारी भी बदले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद पार्टी के शीर्ष संगठन में पहला बड़ा फेरबदल करते हुए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। राष्ट्रीय राजनीति की पहली औपचारिक भूमिका में बघेल को कांग्रेस की सियासत के लिए बेहद अहम राज्य पंजाब का प्रभारी महासचिव बनाया गया है। वहीं कर्नाटक से राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन को भी पहली बार महासचिव बनाते हुए जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख का प्रभार सौंपा गया है।इन दो नए महासचिवों के साथ-साथ बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा और तेलंगाना के पार्टी प्रभारियों को बदलते हुए नौ नए प्रभारियों की नियुक्ति की है। जबकि आधा दर्जन प्रभारियों को हटाया गया है जिसमें पार्टी महासचिव दीपक बाबरिया भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के पिछले चुनाव में हार के बाद से भूपेश बघेल कई चुनावी राज्यों में पार्टी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक के तौर पर राष्ट्रीय भूमिका निभाते रहे हैं।

# फिर से अमेरिका-भारत के बीच मिनी ट्रेड डील पर होगी वार्ता, द्विपक्षीय व्यापार में होगी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच व्यापार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर तक ले जाने की घोषणा की गई है।इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देश इस साल द्विपक्षीय व्यापार समझौता करेंगे। यानी कि अगले पांच साल में दोनों देशों के व्यापार में 310 अरब डॉलर का इजाफा होगा क्योंकि अभी वस्तु व सेवा को मिलाकर दोनों देशों के बीच 190 अरब डॉलर का व्यापार होता है। इनमें भारत का कुल निर्यात 120 अरब डॉलर का है।इससे पहले ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत व अमेरिका के बीच मिनी ट्रेड डील की शुरुआत की गई थी और काफी हद दोनों देशों के बीच इस डील को लेकर सहमति भी बन गई थी, लेकिन ट्रंप के चुनाव हार जाने के बाद यह डील ठंडे बस्ते में चला गया था।फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के महानिदेशक व सीईओ अजय सहाय के मुताबिक इसी मिनी ट्रेड डील पर फिर से वार्ता शुरू होगी जो भारत के लिए काफी अहम हो स कता है। विशेषज्ञ इस डील को चीन के साथ अमेरिका के तनावपूर्ण व्यापारिक संबंधों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

जानकारों का कहना है अमेरिका भारत में कच्चे तेल, गैस हथियार जैसी वस्तुओं को बेचना चाहेगा और बदले में भारत के गारमेंट,फुटवियर, जेम्स व ज्वैलरी, खिलौने, हैंडीक्राफ्ट्स के लिए अपने दरवाजे को बड़ा कर सकता है क्योंकि अमेरिका इस प्रकार के उत्पादों के लिए मुख्य रूप से चीन पर निर्भर करता है। ट्रेड डील होने पर चीन की तुलना में भारतीय उत्पाद अमेरिका के बाजार में काफी सस्ते हो जाएंगे जिससे उनकी मांग बढ़ेगी। वैसे भी अमेरिका चीन की वस्तुओं पर अलग से 10 प्रतिशत का शुल्क लगाने की घोषणा कर चुका है। अमेरिका में भारतीय वस्तुओं का निर्यात बढ़ता है तो दुनिया भर में भारतीय वस्तुओं की साख बढ़ेगी जिससे हमारे कुल निर्यात को समर्थन मिलेगा। जानकारोंका कहना है कि अमेरिका में इस प्रकार की वस्तुओं के लिए अभी से भारतीय कंपनियों से पूछताछ होने लगी है।

# ट्रंप प्रशासन ने सरकारी अधिवक्ता किए बर्खास्त अन्य अमेरिकी विभागों में छंटनी के निर्देश



**वाशिंगटन, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

बदलाव और खर्चों में कटौती के अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ट्रंप प्रशासन ताबड़तोड़ फैसले लेने में जुटा हुआ है। पूर्व की बाइडन सरकार के समय नियुक्त बहुत से सरकारी अधिवक्ताओं को हटाने के लिए ट्रंप प्रशासन ने आदेश जारी कर दिए हैं। ट्रंप प्रशासन द्वारा बर्खास्त करने के इस कदम से निवर्तमान सरकारी अधिवक्ता आहत हैं। कई का कहना है कि सरकार बदलने के साथ ही वे पद छोड़ने की औपचारिकता पूरी करने के लिए तैयार थे। नई सरकार त्यागपत्र देने के लिए उनसे कह सकती थी लेकिन उन्हें बर्खास्त करना अपमानजनक है। प्रशासन द्वारा सरकारी अधिवक्ताओं के लिए जारी पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के निर्देशानुसार आपको तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जा रहा है। पता चला है कि सिएटल, मैरीलैंड और कई अन्य शहरों-प्रांतों के कई सरकारी अधिवक्ता यह पत्र मिलने से पहले ही अपने पद छोड़ चुके हैं।ट्रंप प्रशासन ने विश्व भर में स्थित अपने दूतावासों को कर्मियों की संख्या 10 प्रतिशत कम करने का निर्देश दिया है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र में दूतावासों को स्थायी और अस्थायी स्थानीय कर्मियों की संख्या में यह कमी करने के लिए कहा गया है।सूत्रों के अनुसार विदेश मंत्रालय से संबद्ध ब्यूरो आफ डेमोक्रेसी, ह्यूमन राइट्स एंड लेबर ने हाल के दिनों में 60 प्रतिशत अस्थायी कर्मियों को हटा दिया है।

कई अन्य विभागों में भी कर्मियों की संख्या कम करने की जानकारी मिली है।अमेरिका में सरकारी खर्च बचाने के लिए ट्रंप प्रशासन की छंटनी का असर वहां की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ा है। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए बने संगठन सेंटर्स फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के 1,300 अस्थायी कर्मचारियों को चंद रोज में हटा दिया गया है। हटाए गए कर्मचारियों की संख्या सेंटर के कुल कर्मचारियों की करीब 10 प्रतिशत है। इसका असर आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सेवा पर दिखाई दे सकता है।

## अब सस्ते में पी सकेंगे अमेरिका की बरबन व्हिस्की भारत ने 150 से शुल्क घटाकर 50 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत की तैयारी के बीच भारत ने बरबन व्हिस्की पर आयात शुल्क घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह 150 प्रतिशत था। बरबन व्हिस्की अपनी मिठास के लिए जानी जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत से ठीक पहले 13 फरवरी को बरबन व्हिस्की पर सीमा शुल्क में कटौती की अधिसूचना जारी की गई थी। हालांकि अन्य शराब के आयात पर सीमा शुल्क में कोई कटौती नहीं की गई है। उन पर 100 प्रतिशत शुल्क लगता रहेगा।अमेरिका भारत में बरबन व्हिस्की का सबसे बड़ा निर्यातक है। कुल बरबन व्हिस्की का एक चाथाई हिस्सा अमेरिका से ही आयात किया जाता है।राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, बरबन व्हिस्की के आयात पर अब 50 प्रतिशत सीमा शुल्क लगेगा। भारत ने 2023-24 में 25 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य की बरबन व्हिस्की का आयात किया।डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ पर जोर देने के बीच इस तरह की चर्चाएं हैं कि अमेरिकी बाइक कंपनी हार्ले-डेविडसन का भारत में फिर से जलवा दिख सकता है। इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए बजट में आयातित महंगे बाइक पर कस्टम ड्यूटी में कटौती की गई है ताकि उनका आयात सस्ता हो सके।

## बीवी को घर ले जाना चाहता था शख्स, ससुरालियों ने दामाद को जिंदा जलाया, सामने आया खौफनाक सच




**साहिबाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में शहीदनगर के एफ-ब्लॉक की जीजी वाली गली के युवक को जिंदा जलाकर मारने का मामला सामने आया है। स्वजनों का आरोप है कि ससुरालियों ने युवक को जिंदा जला दिया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने पत्नी समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्वजन ने पुलिस को बताया कि दानिश का निकाह करीब चार वर्ष पूर्व शहीद नगर के डी-ब्लॉक में रहने वाली मुस्कान से हुआ था। एक तीन साल की बेटी भी है। टीला मोड़ पसौंडा में रहने वाले दानिश के मौसा मोहम्मद साजिद ने 14 फरवरी की सुबह डायल-112 पर कॉल कर बताया था कि दानिश को उसके ससुराल वालो ने तेल डालकर जला दिया है, जिससे उसकी मौत हो गई है।उन्होंने बताया कि दानिश पानी सप्लाई का कार्य करता था।

उसकी पत्नी बीते करीब चार-पांच माह से अपने मायके में रह रही है। वह 13 फरवरी की रात अपनी बेटी व पत्नी से मिलने के लिए ससुराल गया था। साथ ही वह पत्नी को घर वापस लेकर आना चाहता था। इस दौरान ससुरालियों से किसी बात को लेकर उसका विवाद हो गया। इसके कुछ देर बाद ससुरालियों ने स्वजनों को दानिश के जलने की सूचना दी। स्वजन रात में ही उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश उपाध्याय ने बताया कि डायल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम को दानिश की ससुराल भेज दिया गया था। देर शाम पुलिस ने दानिश की पत्नी, सास व साले को हिरासत में कर लिया है। मृतक के स्वजनों ने ज्वलनशील पदार्थ डाल जलाकर हत्या का आरोप लगाया है।

# बच्चा होने के बाद क्या आपको भी आता है बार-बार रोना चिड़चिड़ेपन और गुस्से के पीछे होती है खास वजह

मां बनने के बाद महिला का जीवन पूरी तरह बदल जाता है. 9 महीने तक बच्चे को अपनी कोख में रखने के बाद जब महिला बच्चे को जन्म देती है तो एक तरह से महिला का भी वो नया जन्म होता है. जो प्यार, स्नेह, जिम्मेदारियों से भरा होता है. इस समय नई मां कई तरह के शारीरिक और मानसिक उतार-चढ़ाव से गुजरती है. इस दौरान उन्हें बार-बार रोना आता है. वो बहुत चिड़चिड़ी हो जाती हैं. उन्हें बात-बात पर गुस्सा आने लगता है.

वो दिन-रात तनाव में रहती हैं. उन्हें जिंदगी अधूरी सी लगती है. ऐसा क्यों होता है, क्या आपको पता है इसके पीछे पोस्टपार्टम डिप्रेशन है.

रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर 7 में से 1 महिला को पोस्टपार्टम डिप्रेशन की समस्या हो सकती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**क्या होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन**

बच्चे के जन्म के कुछ दिनों बाद मां को पोस्टपार्टम डिप्रेशन हो सकता है. यह एक गंभीर समस्या है. इसके अलावा ये डिलीवरी के पहले, दूसरे और तीसरे महीने में हो सकता है. ऐसा होने पर महिला को अबॉर्शन तक हो सकता है. इतना ही नहीं मृत बच्चा भी पैदा हो सकता है. इसमें मां का ध्यान बच्चे से हटने लगता है. उनका बच्चे से इमोशनल कनेक्शन भी खत्म होने लगता है.

**पोस्टपार्टम डिप्रेशन के लक्षण**



बार-बार रोना आना
चिड़चिड़ापन
मूड स्विंग होना
बात करने का मन न होना
बात-बात पर गुस्सा आना
बच्चे से लगाव न हो पाना
किसी काम पर फोकस न कर पाना
दर्द होना या किसी बीमारी का एहसास
सेल्फ कॉन्फिडेंस में कमी
क्यों होता है पोस्टपार्टम डिप्रेशन
हार्मोनल चेंजेस
परिवार या पार्टनर का सपोर्ट न होना
इमोशनल चेंज
प्रेगनेंसी में कॉम्प्लिकेशन
पहले से कोई हेल्थ प्रॉब्लम
फैमिली हिस्ट्री
पोस्टपार्टम डिप्रेशन से कैसे करें बचाव

पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बचने के लिए इलाज और काउंसलिंग की जरूरत होती है.

इससे एक महीने में इससे छुटकारा पाया जा सकता है.

पोर्टपार्टम डिप्रेशन से बचने के लिए अच्छी डाइट, भरपूर नींद लेनी चाहिए.

स्ट्रेस होने पर काउंसलर के पास जाना चाहिए.

वजन बढ़ने पर घबराने की बजाय डाइटिशियन की मदद लें.

परिवार और दोस्तों से मिलकर उनके साथ समय बिताएं

## शरीर में खून की कमी होने पर पैरों में होती है ये दिक्कत



हमारा शरीर किसी भी तरह की दिकक्त होने पर अलग-अलग तरीके से संकेत देता है. अंदरूनी तकलीफ होने पर इसके लक्षण कभी चेहरे पर दिखते हैं तो कभी हाथ-पैरों में. शरीर में जब हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है, तो पैरों में इसका असर दिखने लगता है. शरीर में ब्लड की कमी होने पर एनीमिया नाम का रोग हो जाता है. इसके चलते चक्कर आना, थकान, चेहरे का रंग पीला पड़ने जैसी समस्याएं होती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर करते हुए बताया कि शरीर में खून की कमी होने पर क्या दिक्कत होती है. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**खून की कमी होने पर पैर हमेशा रहते हैं ठंडे**

उन्होंने बताया कि अगर आपके पैर हर वक्त ठंडे रहते हैं या फिर पैरों में मोजे या जूते पहनने के बाद भी ठंडापन बना रहता है, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि शरीर में आयरन की कमी हो. आयरन ही हीमोग्लोबिन का निर्माण करता है. इससे ऑक्सीजन को शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाने में मदद करता है. इसकी कमी से रक्त संचार प्रभावित होता है. जिसके चलते पैरों में ठंडापन बना रहता है.

शरीर में ब्लड कम होने पर पैरों में होती झुनझनी या सुन्नता

जिन लोगों के शरीर में हीमोग्लोबिन कम होता है तो उनके पैरों में ताकत की कमी हो सकती है. पैरों में बार-बार झुनझनी या सुन्नता हो सकती है. जब शरीर में पर्याप्त मात्रा में खून नहीं होता है, तो नसों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंचती है,जिससे यह समस्या हो सकती है.

शरीर में खून की कमी दूर करने के लिए क्या करें

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, सरसों खाएं.


सूखे मेवे, काले किशमिश, अंजीर, सूखा आलूबुखारा खा सकते हैं.

अनार और चुकंदर को डाइट में शामिल करें.

गुड़ और तिल का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है.

## ऑनस्क्रीन दामाद हर्षद चोपड़ा संग रोमांस करेंगी शिवांगी जोशी, एकता कपूर के नए शो में बनेगी जोड़ी

एकता कपूर के शोज हमेशा ही चर्चा में रहते हैं. अब वो एक नया शो लेकर आ रही हैं. इस शो में लीड रोल कौन प्ले करेगा इसे लेकर चर्चाएं हैं. पहले खबरें थीं कि एकता ये है मोहब्बतें स्टार दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल को एक बार फिर से साथ लाने जा रही हैं, लेकिन उनका ये प्लान काम नहीं किया. अब रिपोर्ट्स हैं कि एकता ने हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी को फाइनल कर लिया है.



रिपोर्ट के मुताबिक, पहले शिवांगी की जगह प्रणाली राठौड़ को इस रोल के लिए कास्ट करने की खबरें थीं. क्योंकि प्रणाली और हर्षद ने पहले शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम किया था. दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री को फैंस बहुत पसंद करते थे. लेकिन अब शिवांगी को इस रोल के लिए साइन कर लिया गया है. अब शो में शिवांगी और हर्षद को रोमांस करते देखा जाएगा.

नई रिपोर्ट्स हैं कि शो सोनी टीवी पर ऑनएयर होगा. इसका टेंटेटिव टाइटल डिसाइड हो गया है. शो का टेंटेटिव टाइटल बहारें होगा. हालांकि, अभी तक किसी भी अपडेट को लेकर ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं है.

बता दें कि शिवांगी जोशी ने ये रिश्ता क्या कहलाता है में प्रणाली की मां का रोल प्ले किया था. शिवांगी नायरा के रोल में थीं. वहीं हर्षद शिवांगी के दामाद के रोल में थे. हर्षद शो में अभिमन्यु बिरला के रोल में थे. वर्क फ्रंट पर शिवांगी को पिछली बार एकता कपूर के ही शो बरसातें में देखा गया था.

वहीं प्रणाली की बात करें तो उन्हें एकता कपूर के शो कुमकुम भाग्य में कास्ट करने की खबरें आ रही हैं. प्रणाली इस सो में प्रार्थना के रोल में नजर आ सकती हैं.

## रिवीलिंग गाउन पहन अमायरा दस्तूर ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर अपने फैशन सेंस के लिए लोगों के बीच काफी फेमस हैं। वो अपनी एक्टिंग से ज्यादा लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में अमायरा दस्तूर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया स्टार हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।


हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही है।

अमायरा दस्तूर की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर का रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही हॉट एंड गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस के गाउन का डिजाइन बेहद ही क्लासी लग रहा था। थाई हल्का सा कटआउट लुक देकर अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है।

अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। बता दें कि फैशन इंडस्ट्री में एक्ट्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से यह साबित हो गया है कि वो न केवल एक्ट्रेस हैं बल्कि फैशन आइकन भी बन चुकी हैं।






**ब्लैक ब्यूटी बन मुंबई की सड़कों पर निकलीं परिणीति चोपड़ा, घुटनों से ऊपर ऑफ शोल्डर ड्रेस में बरपाया हुस्न का कहर**

## शब्द सामर्थ्य -327

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | | पा | व | क | | बे | ल |
| | र | ज | नी | च | र | | | टट्टू |
| मु | स्का | न | | न | म | की | न | |
| सा | र | | स | | | ट | ख | ना |
| फि | | अ | जा | य | ब | | रा | जा |
| र | च | ना | | था | ल | | | य |
| | | धि | | र्थ | | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | | आ | वा | ज | |
| ल्लू | | त | | | ब | ल | रा | म |

## बार-बार एसिडिटी से परेशान हो गएं, तो अजमाएं नानी मां का यह रामबाण नुस्खा



खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से अक्सर पेट संबंधित समस्याएं परेशान करती है रहती है। अगर आपको भी बार-बार गुब्बारे की तरह पेट फूलना और गैस-एसिडिटी की समस्या रहती है, जिस कारण से आप खाना भी सही से नहीं खा पाते। अब आपको इसके लिए दवाई लेने की जरुरत नहीं हैं क्योंकि दवा खाने से हेल्थ पर असर पड़ता है। यदि आप दवाई के जगह यह दादी-नानी का नुस्खा ट्राई करेंगे, तो गैस की समस्या ठीक हो जाएगी।

**अदरक, नींबू और काले नमक का देसी नुस्खा**

इसके लिए सबसे पहले आप 1 चम्मच अदरक का रस, 1 चम्मच नींबू का रस और चुटकी भर काला नमक लेना। इन तीनों चीजों का कॉम्बिनेशन, डाइजेशन के लिए फायदेमंद है। खाना खाने से करीब 1 घंटा पहले अगर आप इसे नुस्खे को आजमाएंगी, तो भूख खुलकर लगेगी, गैस नहीं होगी, खाना आसानी से पचेगा और डाइजेशन भी ठीक होगा।

अदरक में पाए जाने वाला जिंजरॉल, पाचन को मजबूत करने का काम करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स, गट हेल्थ के लिए भी सबसे बढ़िया होता है।

इतना ही नहीं, पाचन को दुरूस्त करता है और पेट की गैस को कम करता है। इससे शरीर की आतिरिक्त गैस और टॉक्सिन्स भी शरीर से बाहर होती है।

काला नमक, डाइजेस्टिव एंजाइम्स के सीक्रेशन को बढ़ाता है और इससे खाना जल्दी से पचता है।

## विभिन्न गांवों में हो रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन





**कोरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले बैकुंठपुर एव सोनहत जनपद पंचायत के विभिन्न गांवों में गांवों हो रहे हैं मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जहाँ डॉ. चतुर्वेदी ने बैकुंठपुर के सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों व युवाओं को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किये, वहीं मतदान के लिए शपथ भी दिलाया गया।

इसी तरह सोनहत स्टेडियम में सैकड़ों ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। बता दें ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम तहत कराया जा रहा है।

उपस्थित ग्रामीणों को जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत सोनहत जनपद में 17 फरवरी एवं 23 फरवरी को बैकुंठपुर में 2025 को होने वाले आम चुनाव में आस-पास के सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ मतदान करेंगे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

# प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए 1 लाख घूस महंगी पड़ी

## एनटी करप्शन ने जिला शिक्षाधिकारी को दबोचा, मामला दर्ज

**सूरजपुर ।** जिले में एक लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़े गए जिला शिक्षा अधिकारी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम उनके सूरजपुर और वाड्रफनगर स्थित मकानों में दबिश दी। एसीबी की टीम उनके काली कमाई के रिकार्ड खंगाल रही है। डीईओ राम ललित पटेल कई वर्षों से डीईओ के पद पर कार्यरत थे। भ्रष्टाचार के आरोप में वे सस्पेंड भी किए गए थे।

सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी रामललित पटेल ने आरटीआई के तहत राज्य शासन से मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि के बदले 5 प्राइवेट स्कूल के संचालक से 2 लाख रुपए की डिमांड की थी।

जिन निजी स्कूल के संचालकों ने एसीबी से इसकी शिकायत की, उनमें रामरति पब्लिक स्कूल, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल दतिमा, सरस्वती बाल मंदिर सोनपुर, प्रिया बाल मंदिर भटगांव और लक्ष्मी विद्या निकेतन नरोला शामिल हैं।

**आफिस में मिली नगदी, घरों में तलाशी**

एसीबी के डीएसपी प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि निजी स्कूलों के संचालकों ने दो लाख रुपए रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई तो इसकी तस्दीक के बाद शुक्रवार को डीईओ राम ललित पटेल को ट्रेप किया गया। कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग में



वे एक लाख रिश्वत की रकम के साथ रंगे हाथों पकड़े गए।

आफिस में जांच के दौरान दो लाख 18 हजार रुपए जब्त किया गया। आशंका है कि ये रकम भी निजी स्कूलों से बतौर रिश्वत ली गई है। डीईओ रामललित पटेल के खिलाफ 7 पीसी एक्ट की कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

**निजी स्कूलों से करते थे अवैध वसूली**

डीएसपी प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि सूरजपुर जिले में 370 प्राइवेट स्कूल हैं। इनसे अवैध वसूली की शिकायतें मिलती रहती थीं। स्कूलों के संचालकों को जांच के नाम पर धमकाया जाता था। आरटीआई के तहत रजिस्टर्ड स्कूलों के संचालकों को राशि जारी करने के नाम पर 10 फीसदी रकम बतौर रिश्वत डीईओ वसूल करता था।

**घरों में दबिश, 2023 में हुए थे सस्पेंड**

डीईओ राम ललित पटेल के मूल निवास बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर एवं सूरजपुर निवास में भी एसीबी की टीम पहुंची। हालांकि घर से क्या मिला, इस संबंध में एसीबी ने खुलासा नहीं किया है। एसीबी डीईओ की काली कमाई से अर्जित संपत्ति की तलाश कर रही है।

इनमें जमीनों के दस्तावेज, बैंक में नगदी जमा, शेयर, बीमा में निवेश व लॉकरों की जांच की जाएगी। सूरजपुर में ट्रैप किए जाने के बाद एसीबी की एक टीम ने उनके मूल निवास वाड्रफनगर भी पहुंची है। डीईओ के घर नगदी, जमीनों के दस्तावेज, बैंक रिकार्ड और लॉकरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

**2023 में हुए थे सस्पेंड**

सूरजपुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल को राज्य शासन ने सितंबर 2023 में 34 लाख रुपए के मिलेट्स खरीदी में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित किया था। इस समय वे बलरामपुर और सूरजपुर जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी के प्रभारी डीईओ थे।

मिलेट्स की खरीदी दूसरे मद में की गई थी। बाद में बहाली के बाद रामललित पटेल ने फिर से सूरजपुर के डीईओ पद में बहाली का जुगाड़ कर लिया। एसीबी की हत्थे रामललित पटेल तब चढ़े, जब उनके रिटायरमेंट के कुछ दिन ही बचे हैं। वे 28 फरवरी 2025 को रिटायर होने वाले थे।

## रविकांत मिश्रा को उत्कृष्ट प्राचार्य पुरस्कार मिला

**सोनहत।** आयोजित मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह 2025 में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सोनहत के प्राचार्य रविकांत मिश्रा को उत्कृष्ट प्राचार्य का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाओं और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण के लिए दिया गया। पुरस्कार मिलने पर रवि कांत मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि विद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का भी है।

## सोनहत में सरपंच चुनाव दिलचस्प, 5 दिग्गज महिलाएं आमने-सामने

**सोनहत।** ब्लॉक मुख्यालय सोनहत में सरपंच और जनपद सदस्य पद के लिए चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। ग्राम पंचायत सोनहत में सरपंच पद महिला के लिए आरक्षित होने से इस बार पांच महिलाएं मैदान में हैं। इनमें दो पूर्व सरपंच उदयराज सिंह और पवन पंडो की पत्नी भी चुनाव लड़ रही हैं। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक की पत्नी भी चुनावी मैदान में हैं। 5 दिग्गज महिलाओं के चुनाव लड़ने से मुकाबला रोचक हो गया है। मुख्यालय की गलियों में डोर-टू-डोर संपर्क और पोस्टरों से माहौल गर्म हो गया है। पूर्व सरपंचों की पत्नियां और पूर्व जनपद सदस्य अपने कार्यकाल के विकास कार्यों को गिनाकर वोट मांग रही हैं।

## एसी का कंडेंसर और मोटर चोरी, केस दर्ज, पुलिस चोरों की तलाश में

**बैकुंठपुर।** घर के बाहर रखी वाशिंग मशीन समेत वाहन में लगा एसी कंडेंसर चोर चुराकर भाग गए। मामले में बैकुंठपुर जूनापारा निवासी प्रवीण कुमार नायर की शिकायत पर सिटी कोतवाली में चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 10 फरवरी की रात प्रार्थी 10.30 बजे घर में खाना खाने के बाद सो गए थे। 11 फरवरी सुबह 7 बजे उठने पर घर की परछी में रखे 3 हजार रुपए की वाशिंग मशीन की मोटर, गाड़ी में लगे 7 हजार रुपए का एसी कंडेंसर चोर चोरी कर भाग गए। घर से करीब 14 हजार रुपए का सामान चोरी कर चोर फरार हो गए हैं। खोजबीन करने पर कही पता नहीं चलने पर सिटी कोतवाली में केस दर्ज करा दिया।

## राजिम कुंभ मेला पहुंचने यात्रिओं के लिए दे रहे निशुल्क बस सेवा

**राजिम।** 12 फरवरी माघ पूर्णिमा से राजिम कुंभ कल्प मेला का शुभारंभ हो गया है। राजिम मेला में पहुंचने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसे लेकर प्रशासन ने चाक-चौबंध व्यवस्था रखी है। राजिम बस स्टैण्ड से मेला मैदान पहुंचने के लिए निःशुल्क बस चलाया जा रहा है। इस बस सेवा का लाभ लेते हुए प्रतिदिन सैकड़ों लोग मेला मैदान पहुंच रहे हैं। साथ ही बस से ही वापिस लौट रहे हैं। बता दें कि इस बार राजिम कुंभ कल्प नवीन मेला मैदान में आयोजित किया जा रहा है, जहां मुख्य मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय स्टाल, फूड जोन, पंचकोशी धाम पर आधारित झांकी, मीना बाजार, मधेश्वर पहाड़ की झांकी आदि की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। वहीं पुराने मेला मैदान में संत समागम, महानदी आरती, टेंट सिटी, मनोरंजन झांकी और विभागीय स्टॉल आदि देखने को मिलेगा। परिवहन विभाग के रविंद्र ठाकुर ने बताया कि राजिम बस स्टैण्ड में परिवहन विभाग द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां किसी प्रकार की समस्या होने पर समाधान दिया जाएगा। राजिम बस स्टैण्ड से नवीन मेला मैदान पहुंचाने के लिए 2 बस की श्रद्धालुओं की सेवा में उपलब्ध रहेगी।

### संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोरिया जिला फिर अव्वल

## युवा अपने हुनर को निखारें और उस दिशा में आगे बढ़ें-कलेक्टर

**कोरिया।** संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 में कोरिया जिले ने लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में आयोजित हुई, जिसमें संभाग के छह जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी इस उपलब्धि पर सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कोरिया के युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और जीवटता समाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अवसर मिलने पर साबित करने में पीछे नहीं होते। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने यहाँ के युवाओं से कहा कि वे अपने हुनर को समझे और उस दिशा में लगातार आगे बढ़ें।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सभी युवाओं को बधाई देते हुए कहा लक्ष्य हासिल करना और लक्ष्य के पीछे जीवटता से लगे रहना दोनों अलग चीज है। इसलिए हमें हर समय सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए और यह परिणाम आज देखने को मिला।




जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कोरिया जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में प्रवेश सुनिश्चित किया।

**कोरिया के छात्रों का शानदार प्रदर्शन**

इस प्रतियोगिता में कोरिया जिले के चार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने व्यक्तिगत मोमेंटो प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। प्रधानमंत्री-माहीन जावेद अंसारी, श्रेष्ठ प्रश्नकर्ता सांसद- वैष्णवी, श्रेष्ठ वक्ता (पक्ष)-सृष्टि दास, श्रेष्ठ पक्षीय सांसद-रूखसार परवीन रहे।

**लोकतंत्र की समझ बढ़ाने की पहल**

युवा संसद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करना और युवाओं को संसदीय प्रणाली की गहरी समझ प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी वाकपटुता और तार्किक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता निखरी।

कोरिया जिले की इस गौरवशाली उपलब्धि पर जिला प्रशासन, शिक्षकों और अभिभावकों ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अब यह टीम राज्य स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने जिला पंचायत क्षेत्र प्रभारियों की नियुक्ति

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने प्रदेश संगठन के निर्देश एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिला प्रभारी कृष्णबिहारी के सहमति से जिले के समस्त जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 1 के प्रत्याशी वंदना राजवाड़े के प्रभारी अभिमन्यु मृदुली, प्रदीप तिवारी को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 2 के प्रत्याशी सौभाग्यवती सिंह के प्रभारी गायत्री सिंह को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 3 के प्रत्याशी सुनिता कुर्रे के प्रभारी शैलेष शिवहरे को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 4 के प्रत्याशी विनोद साहू के प्रभारी पंकज गुप्ता को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 5 के प्रत्याशी गीता राजवाड़े के प्रभारी कामतानाथ तिवारी को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 6 के प्रत्याशी मोहित पैकरा प्रभारी बसंत राय को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र.7 के प्रत्यााशी रामप्रताप मरावी के प्रभारी संदीप साहू, राजू सिंह, जगदीश नारायण, मनीलाल सोनपाकर, नंजूदेवी गरूण को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 8 के प्रत्याशी शिवकुमारी सोनपाकर के प्रभारी राजाराम राजवाड़े,मनोज साहू, केपी सिंह, पूरन राजवाड़े को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 9 के प्रत्याशी विमला सिंह के प्रभारी अरूण जायसवाल, धर्मपाल को बनाया गया है, जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10 के प्रत्याशी चुन्नी पैकरा के प्रभारी अनिल साहू को बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टि से जिला पंचायत क्षेत्रों में समन्वयकों के साथ सभी जिला पंचायत क्षेत्रों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

### भुलाए न भूलने वाली शख्सियत..

## स्व. तीरथ गुप्ता के विकास कार्य आज भी जनमानस में जिंदा..राजनीति की बात हो और..

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में राजनीति की बात हो और एक शख्स का नाम ना आए.तो राजनीति की बात अधूरी रह जाती है. इस व्यक्ति के कारण आज बैकुंठपुर को विकास के रास्ते पर चलाया जा रहा है.ये इनकी उपलब्धि ही है कि आज वो हमारे बीच में नहीं हैं.लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्यों को जिले में रहने वाला हर एक व्यक्ति याद करता है. इस शख्स का नाम था तीरथ गुप्ता...

14 फरवरी 1952 में बैकुंठपुर के एक मध्यम परिवार में जन्मे तीरथ गुप्ता का शुरू से ही राजनीति के प्रति विशेष झुकाव रहा. साथ ही जनसेवा शहर के विकास के बारे में तीरथ बाल्यकाल से ही चिंतित रहते थे. तीरथ गुप्ता की शिक्षा बैकुंठपुर के रामानुज प्रताप सिंहदेव हाईस्कूल में हुई. उसके बाद उन्होंने एमकॉम करने के लिए चिरमिरी के लाहिरी कॉलेज में अपना दाखिला लिया. खेल के प्रति विशेष रूचि के कारण फुटबाल में उनकी बड़ी रूचि थी. अच्छा खिलाड़ी होने के कारण एसईसीएल में उन्हें कॉलिरी में नौकरी भी मिली. लेकिन राजनीति में विशेष रूचि होने के कारण उन्होंने अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया.उसके बाद छात्र जीवन से राजनीति में विशेष रूचि दो बार नगर पालिका के अध्यक्ष एक बार नगरपालिका के उपाध्यक्ष साथ ही दो बार भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष की कमान संभाली.

राजनीति के चाणक्य थे तीरथ गुप्ता राजनीति के जानकार बताते हैं कि जब वह नगर पालिका बैकुंठपुर के उपाध्यक्ष का चुनाव लड़े थे. तब कांग्रेस के 10, निर्दलीय 3 पार्षद थे. उसके बाद भी तीरथ गुप्ता नगर पालिका के उपाध्यक्ष बने. तभी से लोग उन्हें राजनीति का चाणक्य कहना शुरू कर दिये. जब तीरथ गुप्ता बैकुंठपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष थे. तब उनके कार्यकाल रहते में नगर को नगरपालिका का दर्जा दिलाया.

उन्होंने अपने कार्यकाल में बैकुंठपुर में कई विकास कार्य जो आज भी दिखते हैं. स्वर्गीय तीरथ गुप्ता कॉम्पलेक्स,



मुक्तिधाम, कब्रिस्तान, मानस भवन, सांस्कृतिक भवन, फव्वारा चौक इंदिरा गांधी पार्क ये सारे विकास कार्य उन्हीं के कार्यकाल के समय के हैं. तीरथ गुप्ता को हर खेल पसंद था. साथ ही फुटबॉल में उन्होंने महारथ हासिल की थी.

**बीजेपी में तीरथ जैसा नेता दूसरा ना हुआ**

कुशल राजनीतिकार, एक अच्छे विचार, नेतृत्वकर्ता, ईमानदार प्रवृत्ति, सहनशीलता, गंभीरता, जैसे गुण तीरथ गुप्ता में फूट फूट के भरे थे. नेतृत्व करने की क्षमता संगठन को चलाने की कुशलता उनके अंदर भरपूर थी. यही कारण था कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष थे. उन्होंने पूरे जिले में भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों नए कार्यकर्ता बनाएं. साथ ही संगठन की गतिविधियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करवाया. हर कार्यक्रम का प्रबंधन हर चुनाव का मैनेजमेंट करने में तीरथ गुप्ता माहिर थे. उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई सफल चुनाव संपन्न करवाएं. भाजपा को कई बार जीत हासिल करवाई. साथ ही सदैव छोटे से लेकर बड़े कार्यकर्ता का सम्मान उन्हें हमेशा अपने साथ जोड़े रखना सभी को धैर्य पूर्वक समझाना उनका गंभीर व्यक्तित्व दर्शाता था. यही कारण रहा कि जिला अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान उनका समय काफी सफलतापूर्वक बीता.

**कौमी एकता की मिसाल थे स्व.तीरथ गुप्ता** - हमेशा सर्व धर्म सम्मान करने वाले तीरथ गुप्ता कौमी एकता की मिसाल भी कहे जाते थे. एक मुस्लिम ज्योतिषी से शादी कर 38 वर्षों तक खुशहाल जिंदगी जीना सभी धर्मों का सम्मान करना उनकी कौमी एकता को दर्शाता है. 4 अक्टूबर 2020 के दिन शहर ने अपना विकास पुरुष खोया था. भाजपा ने एक अपना शीर्ष नेतृत्व खोया और उनके परिवार ने अपना सब कुछ खो दिया . तीरथ गुप्ता आज हमारे बीच में नहीं हैं. लेकिन उनकी यादें उनके किए हुए विकास कार्य आज भी जीवित हैं.

## सूने मकान का ताला टूटा, हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** गुजराती कालोनी पंडरी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 62 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यनारायण महेश्वरी 57 वर्ष गुजराती कालोनी पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, लेपटाप सहित नकदी 62 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 99990 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## भागवत कथा सुनकर जीवन को सुधारने का मिलता है अवसर: आचार्य गोस्वामी



**चिरमिरी।** चिरमिरी गोदरीपारा के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी के सानिध्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इसमें प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपनी पत्नी के साथ शामिल हुए। हनुमान मंदिर के संत मिथिलेश महाराज और कथा आयोजन चंद्रकांत पटेल के नेतृत्व में कथा के आयोजन स्थल से जल भरने कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही। डीजे की धुन पर भक्तिगीतों पर युवा थिरकते रहे। इस दौरान राधा-कृष्ण की निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। सिख समाज समेत अन्य समाज के लोगों ने झांकी का जगह-जगह स्वागत किया। यात्रा एकता नगर हनुमान मंदिर के प्रांगण से शुरू होकर गोदरीपारा के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंची। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि व मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। बाके बिहारी भागवत आरती के साथ शुरू किए गए कथा के प्रथम दिन कथा व्यास आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने सर्वप्रथम भागवत ने महात्म्य पर जानकारी श्रोताओं को दी। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। कलश यात्रा में शामिल लोग।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई और माना पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाटीदार भवन के पास भनपुरी में दबिश देकर आरोपी आदित्य मेश्राम 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 85 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने बनरसी नहर पुलिया के पास आरोपी ओमप्रकाश ओगरे 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# भाजपा की जबरदस्त लहर से चमका संजू देवी का सितारा, 40 हजार की बढ़त

## छुरीकला, दीपिका और पाली में भाजपा की जीत, कटघोरा में कांग्रेस का जलवा बरकरार

**कोरबा।** दिल्ली में हाल में ही मिली जीत के बाद चौतरफा भाजपा की लहर जारी है। यहां नगरीय निकाय चुनाव में भी इसका असर हुआ। महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी संजू देवी राजपूत कांग्रेस की उषा तिवारी के विरुद्ध 40 हजार से ज्यादा की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। निगम के 67 में से 52 वार्ड में भाजपा पार्षद आगे बने हुए हैं जबकि 14 में कांग्रेस और निर्दलीय 50-50 हैं। जबकि नगर पालिका दीपिका, नगर पंचायत छूरी कला और नगर पंचायत पाली में भाजपा के उम्मीदवारों की जीत हो गई है। वही नगर पालिका परिषद कटघोरा में कांग्रेस का कब्जा बरकरार रहा।

नगर पालिका निगम कोरबा में इस बार भाजपा ने संजू देवी राजपूत और कांग्रेस ने उषा तिवारी को महापौर पद का प्रत्याशी बनाया था। चुनावी संघर्ष को मिलकर इन दोनों के बीच ही होता नजर आया। हालांकि इनके अलावा आम आदमी पार्टी की लक्ष्मी साहू और बहुजन समाज पार्टी की नंदिनी साहू के अतिरिक्त 7 और प्रत्याशी मैदान में बनी हुई थी। भाजपा ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजना और उनके कामकाज के साथ-साथ स्थानिक समस्याओं के समाधान के मुद्दे के आधार पर जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जबकि कांग्रेस के पास यह मुद्दा था कि प्रदेश सरकार के सवा साल के कार्यकाल में जनता के लिए कोई खास काम नहीं किए गए और वह हर मोर्चे पर विफल रही। जबकि



अन्य प्रत्याशियों ने अपने हिसाब से मुद्दे सुनिश्चित किया और चुनाव प्रचार किया। नगर निगम क्षेत्र से महापौर और 67 वार्ड में पार्षद के कुल 277 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे जिनके लिए 11 फरवरी को निगम क्षेत्र के 61 प्रतिशत मतदाताओं ने 297 पोलिंग बूथ में मताधिकार का प्रयोग किया और उनकी किस्मत लाक कर दी।

जिला प्रशासन के द्वारा कोरबा के इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी परिसर में बनाए गए मतगणना कक्ष में सुबह 9:00 बजे से काउंटिंग शुरू की गई। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गिनती की गई और इनके परिणाम घोषित किए गए। इसके पश्चात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग शुरू किया गया। क्षेत्र के वोट की गिनती के लिए 63 टेबल लगाए गए। प्रारंभिक दौर से ही महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत ने अपनी जबरदस्त बढ़त जारी रखी और विरोधी प्रत्याशियों के साथ-साथ राजनीतिक विश्लेषको भी हैरान कर दिया। निगम क्षेत्र के लगभग सभी वार्ड से भाजपा को अपेक्षा से की ज्यादा वोट हासिल हुए और इसने भाजपा की जीत का रास्ता आसान किया है। समाचार लिखे जाने तक भाजपा प्रत्याशी संजू देवी राजपूत अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी उषा तिवारी के विरुद्ध 40 हजार वोट की बढ़त बनाए हुए हैं। इसे जीत के लिए निर्णायक माना जा रहा है।

### पहले से ही दिख रहा था रुझान

अधिकृत परिणाम की घोषणा से पहले मतगणना स्थल पर मौजूद संजू देवी राजपूत ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने निगम क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में हुए जबरदस्त मतदान पर खुशी जताई और कहां की आज का दिन अपने आप में यादगार बनने जा रहा है। चुनाव प्रचार के लिए हालांकि समय कम मिला लेकिन इस पर भी सभी क्षेत्रों में हमारे पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी मेहनत करते रहे । चुनाव प्रचार के दौरान हर इलाके में उन्हें जनता से जो समर्थन मिला उसे विश्वास मजबूत हो गया था कि नतीजे भाजपा के पक्ष में आने वाले हैं। उन्होंने फिर से इस बात को दोहराया कि नगरी निकाय चुनाव में शहरी इलाके की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों पर अपनी मोहर लगाई है और बता दिया है कि उनका हर निर्णय सरकार के हर अच्छे कदम के पक्ष में होगा।

## नपा दीपका में भाजपा प्रत्याशी राजपूत विजयी



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका में अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राजपूत ने 3,700 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। उनकी इस जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योति नंद दुबे ने पहले ही इस जीत की भविष्यवाणी कर दी थी, जो सच साबित हुई। जीत के बाद दुबे ने कहा कि यह जनता का भाजपा पर विश्वास और विकास कार्यों की जीत है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा ने भी इस ऐतिहासिक जीत पर जनता का आभार जताया और इसे पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया। राजेंद्र राजपूत ने जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे नगर पालिका दीपका के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### पार्षद पद के विजेता

वार्ड क्रमांक-1 कमलेश जायसवाल (कांग्रेस), वार्ड क्र. 2 राम जयसिंह (कांग्रेस), वार्ड क्र. 3 श्रीमती संगीता साहू (भाजपा), वार्ड क्र. 4 श्रीमती सविता कंवर (भाजपा), वार्ड क्र. 5 श्रीमती ज्योति तिवारी (भाजपा), वार्ड क्र. 6 श्रीमती सुनीता जायसवाल (भाजपा), वार्ड क्र. 7 शांति देवी राजपूत (निर्दलीय), वार्ड क्र. 8 निर्विरोध प्रत्याशी, वार्ड क्र. 9 सुजीत सिंह (भाजपा), वार्ड क्र.10 संतोष निराला (भाजपा), वार्ड क्र.11 अविनाश सिंह (लड्डू) (भाजपा), वार्ड क्र.12 अविनाश यादव (कांग्रेस), वार्ड क्र.13 अरुणीश तिवारी (भाजपा), वार्ड क्र.14 आकाश साहू (कांग्रेस), वार्ड क्र.15 गुलशन ध्रुव (भाजपा), वार्ड क्र. 16 हिमांशु देवांगन (भाजपा), वार्ड क्र.17 निशु तिवारी (निर्दलीय), वार्ड क्र. 18 सुख सागर साहू (निर्दलीय), वार्ड क्र.19 इश्तिखार अली (कांग्रेस), वार्ड क्र. 20 हर्षित देवी राजपूत (कांग्रेस), वार्ड क्र. 21 सुमन लता गिलहरे (भाजपा) विजयी रहे।

## पूर्व सभापति चावलानी ने जीता रण, प्रतिद्वंदी को किया परास्त

**कोरबा।** जिले के एकमात्र नगर निगम कोरबा के नतीजों को लेकर लोगों को काफी दिलचस्पी रही। निगम के पूर्व सभापति और जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक चावलानी ने 21 मत के अंतर से चुनावी रण को जीत लिया। यहां से कांग्रेस और निर्दलीय के अलावा और भी प्रत्याशी मैदान में थे।

कई कारणों से यहां पर लड़ाई टक्कर की हो गई थी और नतीजों को लेकर अलग-अलग अटकलें लगाई जा रही थी। मतगणना दिवस को दूसरे वार्डों की तुलना में वार्ड 31 डॉ. राजेंद्र नगर के परिणाम को जानने को लेकर लोग ज्यादा उत्सुक नजर आए। अब तक प्राप्त नतीजों में बुधवारी वार्ड से कांग्रेस के सुखसागर निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा की धनश्री साहू को जीत मिली है। निगम के वार्ड क्रमांक 6 में भाजपा के नूतन को 742 मतों के अंतर से जीत मिली। वार्ड क्रमांक 14 अमरैयापारा से भाजपा की प्रभा राठौर, वार्ड क्रमांक 23 से सुखसागर निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 36 से अजय गोंड़ के जीतने की सूचना मिली है।

### बांकी में सोनी झा को अध्यक्ष पद पर जीत

नवगठित नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में भाजपा की अध्यक्ष प्रत्याशी सोनी झा जीत गई है। लगभग 1200 मत के अंतर से उन्होंने कांग्रेस की ममता अग्रवाल को पराजित किया। यहां चार अन्य प्रत्याशी भी अध्यक्ष की रेस में थे।

## छुरीकला में भाजपा की पद्मिनी को विजयश्री

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरिकला में अध्यक्ष पद पर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी पद्मिनी प्रीतम देवांगन की जीत हुई है। उन्होंने सीधे मुकाबले में कांग्रेस की रानी धीरज यादव को 1297 मतों के अंतर से पराजित किया। यहां पर 10 वार्ड में भाजपा के पार्षद जीते हैं जबकि कांग्रेस को केवल दो स्थान पर सफलता मिली। वहीं तीन वार्ड में निर्दलीयों को जीतने का रास्ता मिला।

भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल की प्रतीक्षा के बाद नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर विजय श्री प्राप्त की है। यहां पर शिक्षित और मिलनसार पद्मिनी प्रीतम देवांगन को भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए अपना चेहरा बनाया था। जातिगत के अलावा विकास और दूसरे समीकरण पार्टी के लिए अनुकूल रहे। इसके साथ ही पिछले 10 साल में कांग्रेस के नियंत्रण वाली नगर पंचायत में विकास अवरुद्ध होने का मामला भी जनता के पास ले जाया गया और इस फार्मूले ने यहां काफी हद तक अपना काम किया। नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनाव संचालक की भूमिका



में युवा नेता नरेश देवांगन ने निभाई। उनके साथ स्थानीय कार्यकर्ताओं की पूरी टीम शामिल रही जिसने सभी क्षेत्रों में पार्टी की नीतियों कार्यक्रम को पहुंचाने के लिए काम किया। 11 फरवरी को हुए मतदान के प्रतिशत और जनता की आम राय से तस्वीर बहुत हद तक स्पष्ट हो गई थी।

1297 वोट के अंतर से हुई अपनी जीत से उत्साहित पद्मिनी ने तरुण छत्तीसगढ़ से बातचीत में कहा कि जनता ने अपना निर्णय विकास और सरकार की स्पष्ट सोच के प्रति दिया है। अच्छी योजना के साथ हमारी कोशिश होगी कि नगर पंचायत क्षेत्र को विकास की बुलंदी पर पहुंचाएं। उन्होंने कहा की शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दे हर समय किसी भी क्षेत्र के जरूरी हो सकते हैं और इन पर आवश्यक रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

## प्रथम चरण के पंचायत चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रविवार को होंगी रवाना

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत पहले चरण का मतदान 17 फरवरी को विकासखंड कोरबा और करतला में होना है। 16 फरवरी रविवार को बैलेट पेपर और अन्य संबंधित सामान के साथ पोलिंग पार्टियां बूथ के लिए रवाना होंगीं।

प्रशासन ने पंचायत चुनाव को लेकर जरूरी तैयारियां की है। बताया गया कि जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए होने जा रहे चुनाव में अलग-अलग कलर के बैलेट पेपर तैयार किए गए हैं। तीन श्रेणी में पोलिंग बूथ को विभाजित करते हुए सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। बताया गया कि पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए दो स्थान पर व्यवस्था की गई है। पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान संपन्न कराने के लिए लगाई गई है। आवश्यकता के आधार पर कर्मियों का समायोजन किया जाना है। इसके लिए रिजर्व टीमें भी गठित की गई है।

## पदोन्नति के लिए सहमति बनी

**कोरबा।** एसईसीएल बरबसपुर केन्द्रीय कर्मशाला में कोयला कामगारों के पदोन्नति के मामला लंबित था। एसईकेएमसी की आईआर बैठक में प्रबंधन के साथ पदोनत्ति पर चर्चा हुई। कोई भी कामगार पदोनत्ति से वंचित न रहे । इसके लिए एसईकेएमसी ने जेसीसी सदस्यों के साथ मिलकर प्रबंधन से चर्चा की जेसीसी के दिलीप सिंह , राजेश पाण्डेय एनकेसाव, अजय सिंह, भागवत साहू, संतोष टंडन डीपी सिंह ने कामगारों के नामों पर चर्चा करते हुए सूची प्रबंधन के सामने रखी जिसके आधार पर प्रबंधन ने कामगारों को पदोन्नत करने का आश्वासन दिया है। इसके एक दिन पहले एसईकेएमसी की बैठक हुई । जिसमें आवासों के समस्याओं को सामने रखा गया आईआर बैठक में कहा गया कि जिन कामगारों के आवेदन मिल चुके है। वहां पर काम करने की जरूरत है। इस बैठक में दिलीप सिंह, बीआर सुमन, अब्दुल माजिद, दिनेश साहू, गिरिवर राठौर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि कालोनी के आवास काफी पुराने हो चुके है। इन आवासो के फर्स कई स्थानों पर से उखड़ गए है।

## ठेका मजदूरों को संगठित करने का होगा काम

**कोरबा।** एसईकेएमसी के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह गेवरा के कामगारों को निर्देश दिया है कि यहां पर ठेका मजदूरों को संगठित किया जाए। नियमित मजदूर के अलावा ठेका मजदूर को और अधिक सुविधाए दी जाने की जरूरत है। आने वाले दिनों में ठेका मजदूरों के लिए काम करना होगा। उन्हें आवास की सुविधा नही मिलने चाहिए समय पर वेतन के लिए दबाव बनाने की जरूरत है। इस निर्देश के बाद एसईकेएमसी के गोपाल यादव, डीके मिश्रा, छंद राम राठौर अनिल राठौर, एमपी सिंह, सीता राम साहू, राहुल मिश्रा सक्रिय हो गए है।

## जटगा रेंज में हाथियों ने खुद किया पीने के पानी का इंतजाम, नाले को घेरकर बनाया बांध



**कोरबा।** जिले के जंगलों में गर्मी के शुरू होते ही पीने के पानी की कमी हो गई है। इसे दूर करने के लिए कटघोरा वनमंडल की जटगा रेंज में मौजूद हाथियों ने जंगल के कक्ष क्रमांक पी-243 में स्थित एक नाले को चारों ओर से पत्थरों से घेर कर मिनी बांध का रूप दे दिया है जहां पहुंचकर हाथी पानी पीते हैं और अपनी प्यास बुझाते हैं। हाथियों ने नाले के आसपास स्थित पत्थरों को अपनी सूंड से उठाकर यहां इकट्ठा किए हैं और चारों तरफ पत्थर रखकर बांध का रूप दे दिया है। नाले में चारों ओर पत्थर होने के कारण पानी यहां रूक रहा है और हाथियों की प्यास बुझ रहीं है। ज्ञात रहे कटघोरा वनमंडल के केंदई, एतमानगर, पसान व जटगा रेंज में 48 की संख्या में हाथी पिछले कई दिनों से विचरण कर रहे हैं। हाथियों का दल कभी एतमानगर रेंज में रहता है तो कभी केंदई व पसान रेंज होते हुए जटगा पहुंच जाता है। हाथियों के लगातार क्षेत्र में बने रहने से ग्रामीणों को लगातार खतरा बना रहता है। वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है।

## इन्होंने बनाई चुनाव में हेट्रिक

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 20 सीएसईबी से भाजपा प्रत्याशी चंद्रलोक सिंह तीसरी बार जीते हैं। उन्होंने कांग्रेस के एस.नायडू को पराजित किया। जबकि नगर पालिका परिषद दीपका के वीर सावरकर वार्ड से भाजपा के अरूणीश तिवारी ने तीसरे चुनाव में जीत दर्ज की। उन्हें प्रतिद्वंदी पर 39 वोट के अंतर से जीत मिली। जबकि दीपका में जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज शर्मा के वार्ड में भाजपा प्रत्याशी को जीतने का अवसर नहीं मिल सका। नगर पंचायत पाली में अध्यक्ष सहित पार्षद के अधिक स्थानों पर भाजपा समर्थक प्रत्याशी जीतने में सफल रहे। एसईसीएल एसबीएस कालोनी वार्ड क्रमांक 30 से भाजपा की धनकुमारी गर्ग, वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा के युगल किशोर कैवर्त को जीत मिली। शारदा विहार वार्ड क्रमांक 13 में पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी की पत्नी तारा सोनी को भाजपा की सुषमा साहू ने पराजित किया। जबकि अन्य वार्डों में मतगणना जारी है।

## कुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो बस से भिड़ी, 10 की दर्दनाक मौत





**कोरबा।** महाशिवरात्रि तक चलने वाले महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे कोरबा जिले के 10 लोगों की हादसे में मौत हो गई। ये सभी जिस बोलेरो में सवार थे, वह यूपी में एक बस से जा भिड़ी।

प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में पिछली रात करीब 2.30 बजे यह हादसा हुआ। सभी मृतक बोलेरो में सवार थे, जबकि बस सवार यात्री घायल हुए हैं। इस हादसे के संबंध में मेजा थाना से कोरबा जिला पुलिस को जो सूचना प्रदान की गई है उसके मुताबिक बोलेरो क्रमांक सीजी 11 एमबी 4202 में सवार होकर दर्री थाना क्षेत्र के श्याम नगर (नीलगिरी बस्ती) दर्री थाना के पीछे निवासी ईश्वर(ईश्वरी) प्रसाद जायसवाल पिता बीबी जायसवाल व अन्य लोग महाकुम्भ स्नान के लिए जा रहे थे। जिला पुलिस कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में सात लोगों के मौत की सूचना दी गई है। मृतकों में ईश्वरी प्रसाद भी शामिल हैं, जो कि श्याम नगर नीलगिरी बस्ती दर्री थाना के पीछे के निवासी थे और वर्तमान में कलमीडुग्गू में निवासी अपने साला भागीरथी जायसवाल के साथ रह रहे थे, इन दोनों के अलावा संतोष सोनी, उनका पुत्र सौरभ सोनी, गंगा दास वर्मा, उनका पुत्र दीपक वर्मा, शिवा राजपूत, राजू साहू, बोलेरो का चालक और एक अन्य इस यात्रा पर थे। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो संतोष सोनी की है। भागीरथी, संतोष सोनी व अन्य लोग पेटी ठेकेदार के तौर पर काम करते थे। हादसे की सूचना उपरांत उनके परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं कलमीडुग्गू में शोक का माहौल है।

### योजना टाली और बची जान

बोलेरो में सवार होकर जाने के लिए कलमीडुग्गु निवासी अनिल कुमार के पिता कोमल प्रसाद जायसवाल उम्र लगभग 65 वर्ष ने भी तैयारी कर ली थी लेकिन ऐन वक्त पर उनकी तबीयत बिगड़ जाने के कारण वह महाकुंभ की यात्रा पर नहीं जा सके और इस हादसे से बच गया। उनके स्थान पर दूसरे युवक कोमल प्रसाद जायसवाल इस हादसे का शिकार ईश्वरी प्रसाद के रिश्तेदार हैं इसलिए पूरा परिवार शोकाकुल है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com